नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 191 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, बुधवार 18 मई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर

बिलासपुर बुल्स ने एनईआई रेलवे को हराकर जीता बिलासपुर बास्केटबॉल ...



पेज -8 पर

12 वीं में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आयुष ने बढ़ाया धरमजयगढ़ का मान

## छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर नक्सलियों ने मजदूरों को बनाया बंधक, 5 वाहन फूंके

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले से लगे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में माओवादियों ने जमकर उत्पात मचाया है।

सड़क निर्माण कार्य में लगे 5 वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है, जिसमें 2 पोकलेन, ट्रक, ट्रैक्टर समेत अन्य वाहन शामिल है। नक्सलियों ने मजदूरों को बंधक भी बनाया था।

### सड़क निर्माण नहीं करने की धमकी

माओवादियों ने मजदूरों को सड़क निर्माण नहीं करने की चेतावनी दी है। वहीं सड़क निर्माण करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी है। फिलहाल सड़क निर्माण काम बंद कर दिया गया है।



मिली जानकारी के अनुसार गढ़चिरौली के हालेवारा थाना क्षेत्र स्थित एटापल्ली इलाके में सड़क निर्माण का काम चल रहा था। सोमवार को जंगल की तरफ से भारी संख्या में हथियारबंद माओवादी निर्माण स्थल पर आ धमके। नक्सलियों ने पहले निर्माण काम में लगे मजदूरों को बंधक बनाया। इसके बाद 5 गाड़ियों का डीजल टैंक फोड़कर आग लगा दी। नक्सलियों ने मजदूरों को काम नहीं करने चेतावनी दी है। वारदात को अंजाम देने के बाद माओवादी जंगल की तरफ लौट गए। इधर माओवादियों की धमकी के बाद मजदूरों में दहशत है। काम भी बंद कर दिया गया है।

### एक माह पहले सरेंडर नक्सली को मारा था

गढ़चिरौली के एटापल्ली डिविजन के हेडरी के गट्टा क्षेत्र में नक्सलियों ने एक माह पहले 2 ग्रामीणों को हत्या की है। मृत युवकों की पहचान अशोक नरोटे (28 वर्ष) मंगेश हिचामी (27 वर्ष) के रूप में हुई थी। नक्सलियों ने शवों के पास पर्चा भी फेंका था। नक्सलियों ने जिन्हें मारा है, उनमें एक सरेंडर नक्सली भी था। माओवादियों ने दोनों ग्रामीणों को गट्टा गांव से अपहरण किया था। नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीणों की हत्या की थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लगातार हो रहे सरेंडर से नक्सल संगठन में बौखलाहट है।

## एक नजर

### तहसील कार्यालय के बाहर अधेड़ ने खुद को लगाई आग-



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में तहसील कार्यालय के बाहर एक अधेड़ उम्र के शख्स ने खुद को आग लगा ली। वह जमीन विवाद के चलते कार्यालय गया था। यहां उसे जैसे ही पता चला कि उसका प्रकरण खारिज हो गया है तो उसने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगी ली। इससे वह जल गया है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मगरलोड के पठार गांव का रहने वाला भागीरथी यादव(53) इन दिनों रायपुर में रहता है। पिछले दिनों वह अपने ससुराल कुंडेल गांव आया था। इसके बाद वह मंगलवार को मगरलोड तहसील कार्यालय पहुंचा था। बताया गया कि कार्यालय में उसे जैसे ही इस बात की जानकारी लगी कि उसका प्रकरण ही खारिज कर दिया गया है तो वह बाहर गया। एक बोतल में पेट्रोल लेकर आया। इसके बाद उसने ये कदम उठा लिया। घटना के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया था। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। हादसे में उसके पीठ जल गया है। शरीर के कुछ और हिस्से भी जल गए हैं। इस संबंध में तहसीलदार विवेक गोहिया ने बताया कि जमीन संबंधी प्रकरण के चलते भागीरथी ने तहसील कार्यालय के बाहर आग लगाने की कोशिश की।

## चलती पैसेंजर ट्रेन पर गिरी हाईटेंशन लाइन

### बिलासपुर-कटनी ट्रेन झटके से रुकी, बोगी के ऊपर चिंगारी निकलती देख भागे यात्री

पेंड्रा। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (GPM) जिले से लगते मध्य प्रदेश की सीमा में बिलासपुर-कटनी मेमू (पैसेंजर) ट्रेन पर मंगलवार सुबह (OHE) हाईटेंशन तार टूटकर गिर गया। कोच के ऊपर से चिंगारी निकलती देख यात्रियों में भगदड़ मच गई। आनन-फानन में यात्री ट्रेन से कूदकर भागने लगे। हादसे में किसी जनहानि की खबर नहीं है। करीब सवा घंटे तक ट्रेन रास्ते में ही फंसी रही।



जानकारी के मुताबिक, बिलासपुर से कटनी के लिए रोज की तरह सुबह ट्रेन रवाना हुई। यहां से अनूपपुर पहुंची और सुबह करीब 9 बजे वहां से छूटकर शहडोल की ओर जा रही थी। इसी बीच अमलाई स्टेशन के पहले संजयनगर के पास अचानक ट्रेन झटके से रुक गई। बोगी के ऊपर से तेज आवाज के साथ चिंगारी गिरने लगी। खिड़की से यह देखकर अंदर बैठे यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन से उतर कर यात्री बाहर भागने लगे। देखते ही देखते कुछ ही मिनटों में सैकड़ों यात्रियों से भरी ट्रेन खाली हो गई। गनीमत रही कि तार में लगे चीनी मिट्टी का पैनल कोच से टकराया था। इसके कारण चिंगारी निकल रही थी। अगर बोगी से तार टकराता तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल ट्रेन पिछले सवा घंटे से वहीं फंसी हुई थी। अब से कुछ देर पहले उसे कटनी के लिए रवाना किया गया है।

### अफसरों को हादसे का पता ही नहीं

खास बात यह है कि हादसे को लेकर अफसरों के पास देर तक कोई जानकारी नहीं थी। रेलवे के CPRO साकेत रंजन से बात की गई तो उन्होंने अनभिज्ञता जताते हुए पता करने को कहा। फिर थोड़ी देर बताया कि पेड़ टूटकर गिरने से OHE लाइन का तार टूटा था। इसके आगे की जानकारी फिलहाल उनके पास नहीं है।





ज्वेलरी शॉप से लाखों के गहने पार

## सीसीटीवी फुटेज में दिखा नाइटी पहना चोर, पुलिस ढूंढ रही बदमाशों का सुराग



महासमुंद। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में सोमवार की रात एक ज्वेलरी दुकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने लाखों रुपये के जेवर पार कर दिए। संचालक को मंगलवार की सुबह दुकान का ताला टूटने की जानकारी हुई। चोर बड़ी मात्रा में सोने व चांदी के जेवर साथ ले गए हैं। संचालक की सूचना पर पुलिस डॉग स्क्वायड की टीम लेकर पहुंची।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें चोरी करने वाला नाइटी पहनकर दुकान पहुंचा था। सप्ताहभर में पिथौरा थाना क्षेत्र में उठाईगिरी व चोरी की यह दूसरी बड़ी वारदात है। घटना के बाद से व्यापारियों व आम नागरिकों में दहशत है।

पिथौरा पुलिस थाना से मिली जानकारी के मुताबिक जिले के पिथौरा बस स्टैंड के पास सिन्हा ज्वेलर्स नाम की दुकान है, जिसमें चोरी की घटना हुई है। मंगलवार सुबह लोगों ने शटर का ताला टूटा देखा तब दुकान संचालक संदीप सिन्हा को जानकारी दी। मालिक ने ज्वेलरी शॉप पहुंचकर देखा तो सोने-चांदी के गहने गायब थे। पुलिस को सूचना दी गई। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरों में रिकार्ड हो गई है। पुलिस को सूचना देने के बाद जब फुटेज जांचे गए तो नाइटी पहना शख्स शटर तोड़ते दिख रहा है। यह शख्स बड़े आराम से ताला तोड़ता है और फिर दुकान के अंदर घुसता है।

### एक सप्ताह में दो वारदातों से दहशत में लोग

संचालक संदीप सिन्हा से पुलिस चोरी गए जेवर की जानकारी ले रही है। चोर कितने के गहने चुराकर ले गए इसकी गणना फिलहाल अभी नहीं हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक चोर 2 लाख रुपये नकद सहित लाखों रुपये के सोने-चांदी जेवर साथ ले गए हैं। पिथौरा पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बता दें कि पिथौरा शहर में एक सप्ताह में यह दूसरी बड़ी वारदात है। इससे पहले 11 मई को राइस मिलर चिरंतजन चौधरी के घर से 9.20 लाख रुपये लेकर कोई भाग गया था। उसका पता अभी तक नहीं लग सका है और यह दूसरी घटना हो गई। चोरी और उठाईगिरी ने नगरवासियों की चिंता बढ़ा दी है।

## महापौर एजाज़ ढेबर ने किया स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण



**रायपुर।** महापौर एजाज़ ढेबर ने कलेक्टर सौरभ कुमार के साथ आज रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. के विभिन्न कार्य योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर प्रभात मलिक एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. के एम.डी. मयंक चतुर्वेदी भी साथ थे। श्री ढेबर ने निरीक्षण भ्रमण के दौरान संबंधित अधिकारियों से संचालित निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा है कि वर्षा ऋतु के पूर्व जरूरी निर्माण कार्य पूर्ण करें, जिससे किसी भी परियोजना में बारिश की वजह से विलंब न हो। महापौर ढेबर ने बूढ़ातालाब में द्वितीय चरण के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा है कि यह तालाब रायपुर की ऐतिहासिक पहचान है और आम लोगों से सीधे जुड़ाव होने के कारण एक महत्वपूर्ण स्थल के रूप में चिन्हित है। उन्होंने कहा है कि द्वितीय चरण का कार्य भी समयबद्ध कार्यक्रम के तहत शीघ्र पूरा किया जाए और यहां प्रथम चरण के तहत तैयार की गई सुविधाओं के रख-रखाव का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सप्रे शाला भवन व मैदान में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया।

## आपसी रंजिश में फरसा मारकर हत्या

**कोरिया ।** सोनहत थाना के रावतसरई गांव में अपने घर का आंगन में बीती रात चारपाई पर सो रहे जवाहर सूर्यवंशी के गर्दन पर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फरसा से जानलेवा प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। फरसा को मृतक के गर्दन में ही फंसा हुआ छोड़कर फरार हो गया।





मिली जानकारी अनुसार मामला सोनहत थानांतर्गत रावतसरई गांव का है। मृतक खाना खाकर अपने घर के आंगन में सो रहा था ,रात के करीब दो से ढाई बजे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्या करने की नीयत से मृतक के गर्दन पर वार कर दिया। फरसा के हमले से मृतक का गर्दन कट गया और फरसा गर्दन में ही फस गया। मारने की आवाज को सुनकर मृतक की पत्नी उठकर देखी तो लाइट बंद था। मृतक खून से लथपथ छटपटा रहा था,कुछ देर के बाद मृतक की मौत हो गई,जिसकी सूचना मृतक की पत्नी ने अपने बच्चो और परिवार को दी। मृतक के बेटे ने घटना की सूचना पुलिस को दी ,सूचना मिलते हो पुलिस घटना स्थल पर पहुंच बिना नंबरिंग मर्ग एवम अपराध धारा 302 आई.पी.सी पंजीबद्ध कर लिया है।मृतक के परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले रंगलाल यादव पर संदेह जताया।मृतक एवम संदेही रंगलाल के बीच पूर्व में झगड़ा एवम विवाद हुआ था।संदेह के आधार पर पुलिस ने रंगलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही।मामले में कुछ और लोगो के शामिल होने की आशंका जताया जा रहा है। पूछताछ के बाद पुलिस के द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

हादसा या खुदकुशी

## रायपुर के रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश



ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**रायपुर।** रायपुर के रेलवे ट्रैक पर युवक की लाश मिली है। ट्रेन की चपेट में आ जाने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा है या खुदकुशी। इस पहलू पर अब पुलिस जांच कर रही है। यह घटना पंडरी इलाके की है। मंगलवार सुबह रेलवे ट्रैक के करीब से गुजर रहे कुछ लोगों ने पटरी के किनारे एक युवक की लाश पड़ी देखी और फौरन पुलिस को खबर दी। शव पर चोट के निशान हैं। अंदेशा लगाया जा रहा है कि ट्रैक पार करते युवक ट्रेन से टकराया होगा। पटरियों के किनारे छिटककर गिरा और सिर पर चोट आने की वजह से मौके पर ही युवक की मौत हो गई। पुलिस आसपास की बस्ती में युवक की पहचान के लिए पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि कहीं इस शख्स ने खुदकुशी तो नहीं की।

समीक्षा... मुख्य सचिव ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की

## कन्वर्जेंस के जरिए ज्यादा से ज्यादा कार्य स्वीकृत किए जाएं : मुख्य सचिव

रायपुर। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।



बैठक में मुख्य सचिव ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में औसत मानव दिवस में वृद्धि के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में मत्स्य पालन, कृषि, सिंचाई, उद्यानिकी, ग्रामोद्योग एवं वन विभाग की योजनाओं के साथ अभिसरण के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को मनरेगा और विभिन्न विभागों की योजनाओं के अभिसरण (कन्वर्जेंस) के अधिक से अधिक कार्यों को शामिल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में नरवा विकास कार्यक्रम के तहत किए गए कार्यों, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं स्वच्छता मिशन सहित प्रधानमंत्री आवास योजना एवं ग्रामीण विकास विभाग की अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी पिल्ले शामिल हुई।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्व-सहायता समूहों को जोड़ा गया है उनके कार्यों की सफलता की नियमित निगरानी करें। उन्होंने गौठानों में कार्यरत महिला स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने एवं वित्तीय सहयोग कर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की बात कही।

दंतेवाड़ा में माओवादी दंपति का सरेंडर

## 42 जवानों की हत्या में थे शामिल, हार्डकोर नक्सलियों पर था 7 लाख का इनाम

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे लोन वर्राटू (घर वापस आइये) अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। मंगलवार को नक्सली मिलिट्री प्लाटून के 7 लाख रुपये के इनामी दंपति ने हिंसा का रास्त छोड़ एसपी व सीआरपीएफ के डीआईजी के सामने सरेंडर कर दिया। समर्पित नक्सली श्यामगिरी, मैलावाड़ा, बुरकापाल व मदाड़ी की घटनाओं में शामिल रहा है, जिसमें कुल 42 जवान शहीद हुए थे। दोनों नक्सली 7 वर्षों से माओवादी संगठन से जुड़कर काम कर रहे थे। दोनों नक्सली कुआकोंडा थाना के स्थायी वारंटी हैं।



दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि मलांगीर एरिया कमेटी अंतर्गत कार्यरत प्लाटून नंबर-24 का पीपीसीएम, बी सेक्शन कमांडर हुर्रा कुंजाम एवं प्लाटून नंबर-24 की पार्टी सदस्या बुधरी माड़वी ने सीआरपीएफ के डीआईजी विनय कुमार सिंह, एएसपी योगेश पटेल (नक्सल ऑप्स), दंतेवाड़ा एएसपी राजेंद्र जायसवाल के समक्ष एसपी कार्यालय में सरेंडर कर दिया। हुर्रा कुंजाम पर 5 लाख एवं महिला नक्सली बुधरी पर 2 लाख रुपये का इनाम घोषित था। दोनों नक्सली कटेकल्याण थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

# दक्षिण में ताकत बनती भाजपा, अतीत की घटनाओं ने पैठ बढ़ाने में निभाई भूमिका

केंद्र में भाजपा की सरकार होने और उत्तर भारत में इसकी अभूतपूर्व मजबूती के बावजूद कुछ समय पहले तक भी दक्षिण भारत के ज्यादातर राज्यों में हिंदुत्व की राजनीति का कोई खास प्रभाव नहीं था। लेकिन दक्षिण भारत में आश्चर्यजनक रूप से अब भाजपा का असर दिखाई देने लगा है। निकट अतीत की एकाधिक घटनाओं ने दक्षिण में भाजपा की पैठ बढ़ाने में भूमिका निभाई है। कर्नाटक दक्षिण भारत का अकेला राज्य है, जहां भाजपा पिछले कई दशकों से मजबूत है।

उल्लेखनीय है कि के. एच. सुदर्शन, एच. वी. शेषाद्रि और दत्तात्रेय होसबोले जैसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेता की जड़ें कर्नाटक में हैं। इस राज्य में भाजपा के ताकतवर होने का एक कारण यह भी है कि यहां कोई क्षेत्रीय पार्टी मजबूती से उभर नहीं पाई। यह आकस्मिक नहीं है कि कर्नाटक में भाजपा का उभार बीती सदी के आखिरी दशक में तब हुआ, जब वहां कांग्रेस खत्म हो रही थी। हाल के दिनों में वहां हिजाब के अलावा उठे दूसरे मुद्दों से हिंदुत्व की राजनीति के उत्तरोत्तर मजबूत होने का ही पता चलता है। वहां विधानसभा अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगडे ने हाल ही में यह टिप्पणी की है कि संघ परिवार से जुड़े होने का उन्हें गर्व है। इसी तरह बसवराज बोम्मई सरकार में मंत्री के. एस. ईश्वरप्पा ने कहा है कि एक दिन ऐसा आएगा, जब भाजपा का झंडा राष्ट्रीय झंडा बनेगा। गौर करने वाली बात यह भी है कि हिजाब से जुड़े विवाद के दौरान राज्य में अनेक लोगों ने खुलेआम यह कहा कि भारत एक हिंदू राष्ट है, इसलिए क्लासरूम में हिंदुत्व की पहचान से जुड़ी वस्तुओं के साथ हिजाब की तुलना नहीं की जा सकती।

खुद मुख्यमंत्री बोम्मई कुछ महीने पहले बजरंग दल द्वारा की गई हिंसा को घटना की प्रतिक्रिया बताते हुए सही ठहरा चुके हैं। राज्य में हिंदुत्व के बढ़ते दबदबे के कारण ही पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 50 फीसदी से अधिक था। तमिलनाडु में भाजपा की वैसी उपस्थिति भले न हो, पर मौजूदा विधानसभा में पार्टी के चार विधायक हैं। भाजपा जानती है कि इस दक्षिणी राज्य में राम के नाम पर राजनीति करना कठिन है, इसलिए उसने राम की जगह मुरुगा को महत्व दिया है।

हिंदुत्व और राष्ट्रवाद



**वर्ष 2020 के अंत में हैदराबाद में हुए स्थानीय निकाय के चुनावों में भाजपा ने बहुत रुचि दिखाई और वहां हिंदुत्व और राष्ट्रवाद का कार्ड बेहद प्रभावी तरीके से खेला गया। उसका नतीजा यह हुआ कि भाजपा को 48 वार्डों में विजय मिली। उस चुनाव में भाजपा की शानदार सफलता ने राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा-विरोधी राजनीतिक गठबंधन बनाने की योजना ध्वस्त कर दी थी।**

कंडा षष्टि कवचम् विवाद से भी राज्य में भाजपा ने अपनी प्रासंगिकता बनाई है। हाल में पट्टिना प्रवेशम्, जिसमें शैव मत के महंत को पालकी में बिठाकर कंधों पर ले जाने की परंपरा है, पर हुआ विवाद भी राज्य में हिंदुत्व के बढ़ते असर का प्रमाण है। द्रमुक सरकार ने पहले धर्मपुर मठ में इस पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन बढ़ते दबाव के कारण उसे वह प्रतिबंध हटाना पड़ा। कभी द्रमुक मंदिरों में जाने और भगवान के सामने पूजा करने की सख्त आलोचना करती थी, लेकिन अब इसी पार्टी के नेताओं को अपनी धार्मिक निष्ठा के बारे में बताते हुए हिचक नहीं होती। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि तमिलनाडु के लोग हिंदू धर्म और राजनीतिक हिंदुत्व के बीच का फर्क बखूबी समझते हैं। इसके बावजूद राज्य में हिंदुत्व के बढ़ते असर से इनकार नहीं किया जा सकता। इसका बड़ा प्रमाण यह भी है कि मुख्यमंत्री के रूप में स्टालिन के एक साल के कार्यकाल की तीखी आलोचना भाजपा ने ही की है। आंध्र प्रदेश में भाजपा की वैसी उपस्थिति नहीं है, लेकिन चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी (तेलगु देशम पार्टी) जिस तरह खुद को भाजपा की समर्थक के रूप में पेश कर रही है, उससे साफ है कि वहां हिंदुत्व की जमीन तैयार करने की कोशिश हो रही है।

यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा की रणनीति के जरिये नायडू अपनी पार्टी का जनाधार मजबूत करने में लगे हैं। चूंकि राज्य के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ईसाई हैं, इस कारण नायडू उन पर धर्मांतरण को प्रोत्साहित करने का आरोप लगा चुके हैं। पिछले दिनों उन्होंने कहा, %जगन मोहन रेड्डी बेशक ईसाई हैं, लेकिन हिंदुओं का धर्मांतरण करने के लिए राज्य के संसाधनों का इस्तेमाल करना गलत है।% जगन मोहन रेड्डी पर यह भी आरोप लगाया गया है कि उनमें हिंदू परंपराओं के प्रति कोई सम्मान नहीं है। इसकी प्रतिक्रिया में मुख्यमंत्री रेड्डी ने नौ मंदिरों के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी। वर्ष 2024 में आंध्र में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और भाजपा का मानना है कि वहां राजनीतिक लड़ाई त्रिकोणीय होगी। जहां तक तेलंगाना की बात है, तो वहां हिंदुत्व के असर का प्रमाण यह है कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा वहां कुल सत्रह में से चार लोकसभा सीटें जीतकर सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति के बाद दूसरे स्थान पर थी। तेलंगाना में हैदराबाद हिंदुत्व के उभार का मुख्य केंद्र है। वर्ष 2020 के अंत में हैदराबाद में हुए स्थानीय निकाय के चुनावों में भाजपा ने बहुत रुचि दिखाई और वहां हिंदुत्व और राष्ट्रवाद का कार्ड बेहद प्रभावी तरीके से खेला गया। उसका नतीजा यह हुआ कि भाजपा को 48 वार्डों में विजय मिली। उस चुनाव में भाजपा की शानदार सफलता ने राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा-विरोधी राजनीतिक गठबंधन बनाने की योजना ध्वस्त कर दी थी। उसके बाद राव ने अपना पूरा ध्यान तेलंगाना की राजनीति पर केंद्रित कर लिया।

भास्कर साई

## संपादकीय

### मौद्रिक उपाय पर सवाल

भारतीय रिजर्व बैंक ने बढ़ती मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए मौद्रिक उपाय का सहारा लिया है। पहले कदम के तौर पर उसने ब्याज दर (रेपो रेट) में 40 आधार अंकों की बढ़ोतरी की और कैश रिजर्व रेशियो (सीआरआर) आधा प्रतिशत बढ़ा दिया। सीआरआर आधा प्रतिशत बढ़ाने से बाजार को 87 हजार करोड़ रुपए की मौद्रिक उपलब्धता कम हो गई। बहरहाल, सवाल है कि क्या इन उपायों से मौजूदा महंगाई पर काबू पाया जा सकता है? स्पष्टत: रिजर्व बैंक ने अमेरिका में अपनाई गई मौद्रिक नीति के अनुरूप कदम उठाया। लेकिन अब खुद अमेरिका में इस रास्ते से महंगाई पर काबू पाए जाने की संभावना पर सवाल उठाए जा रहे हैँ। न सिर्फ अनेक गंभीर अर्थशास्त्रियों, बल्कि बाजार से जुड़े विशेषज्ञों ने इस तरफ ध्यान खींचा है कि ऐसे मौद्रिक उपाय तब कारगर होते हैं, जब अर्थव्यवस्था ओवरहीटिंग का शिकार हो। यानी जब कर्ज लेकर निवेश करने का एनिमल स्पीरिट (यानी निवेश की होड़) बेकाबू हो रही हो।

ऐसा होने पर अधिक रोजगार पैदा होता है, लोगों की जेब में ज्यादा पैसा जाता है जिससे उनकी उपभोग क्षमता बढ़ती है, और इस कारण बाजार में सप्लाई से ज्यादा मांग पैदा हो जाती है। जबकि अभी- खास कर भारत में- स्थिति उलटी है। यहां अर्थव्यवस्था की मुख्य समस्या उपभोग क्षमता घट जाने के कारण मांग का गायब हो जाना है। ऐसे में महंगाई की वजह उत्पादन की लागत बढ़ना और उत्पादकों द्वारा सारी लागत उपभोक्ताओं पर ट्रांसफर कर देना है। ऐसे में ब्याज दर बढ़ाने या कर्ज के लिए उपलब्ध रुपये की मात्रा घटाने से शायद ही कोई लाभ होगा।

# खरीफ सीजन पर वैश्विक संकट, खाद की किल्लत और मार्च-अप्रैल की रिकॉर्ड गर्मी का नतीजा

*शायद इसी आशंका को देखते हुए सरकार ने गेहूं निर्यात पर रोक लगा दी है। वर्ष 2021-22 में भारत से 72.15 लाख मीट्रिक टन गेहूं का रिकॉर्ड निर्यात हुआ था, जबकि अप्रैल, 2022 में केवल 14.63 लाख मीट्रिक गेहूं का निर्यात हो सका। खाद संकट के चलते आगामी जून से शुरू हो रहे खरीफ सीजन के लिए चिंता बढ़ रही है। वैश्विक स्थिति को देखते हुए खाद की भयंकर कमी का अंदेशा होने लगा है।*

ऐसे में रबी के बाद यदि खरीफ की फसल अच्छी नहीं हुई, तो खाद्यान्न संकट पैदा हो सकता है। भारत अपनी कुल जरूरत का 40-45 प्रतिशत फास्फेटिक खाद चीन से आयात करता रहा है। कोरोना काल में चीन का उत्पादन घटने और यूरोप, अमेरिका, ब्राजील और दक्षिण-पूर्व एशिया में मांग बढ़ने से स्थिति और बिगड़ी है। भारत में डी.ए.पी. खाद की बहुत आवश्यकता है और इसकी कमी लगातार बनी हुई हैं। इफको द्वारा मांग की तुलना में केवल चालीस प्रतिशत के करीब डी.ए.पी. (डी-अमोनियम फास्फेट) और एन.पी.के. (नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटैशियम) खादों की आपूर्ति हो पा रही है। डी.ए.पी. की कमी कई वर्षों से बनी हुई है। हमने इसका कोई स्थायी हल नहीं निकाला है। सरकार ने डी.ए.पी. आपूर्ति हेतु विगत अक्तूबर में रूस के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर

खेती-किसानी



***खादों की किल्लत और मार्च-अप्रैल की रिकॉर्ड गर्मी का नतीजा गेहूं की पैदावार पर पड़ा है। इस वर्ष न केवल गेहूं की पैदावार कम हुई है, बल्कि दाने भी कमजोर हुए हैं। दुनिया का तीसरा गेहूं उत्पादक देश रूस और आठवां उत्पादक यूक्रेन परस्पर युद्ध में उलझे हैं। ऐसे में गेहूं की वैश्विक किल्लत नजर आ रही है।***

किए थे, मगर अब युद्ध के चलते वहां से कोई आपूर्ति नहीं होने वाली है।

जॉर्डन, चीन तथा मोरक्को से आयात में अलग समस्या पैदा हो गई है, क्योंकि मोरक्को भी डी.ए.पी. उत्पादन हेतु कच्चा माल रूस से प्राप्त करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डी.ए.पी. खादों के दाम पहले से ही आसमान छू रहे थे। फरवरी, 2021 में आयातित डी.ए.पी. की कीमत 383 डॉलर प्रति टन थी, जो अप्रैल 2021 में 515 डॉलर प्रति टन हो गई। यानी कीमत में पैंतीस प्रतिशत की वृद्धि मात्र दो महीने में हो गई।

आगामी खरीफ सीजन, जून से अक्तूबर 2022 तक के लिए करीब 354.34 लाख टन खाद की आवश्यकता होगी, पर खाद सचिव, राजेश कुमार चतुर्वेदी के अनुसार, 125.5 लाख टन खाद ही उपलब्ध है। सरकार का अनुमान है कि खरीफ सीजन में देश में खाद का उत्पादन 254.79 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच सकता है। वैसे ऐसा संभव नहीं दिखता। खाद की कमी की आशंका के बीच डीजल की कीमतों में वृद्धि से ढुलाई की कीमत में वृद्धि हो चुकी है।

ऐसे में यह आशंका प्रबल है कि आगामी खरीफ सीजन में डी.ए.पी. खाद के लिए हाहाकार मचेगा। देश में भी जो डी.ए.पी. का उत्पादन होता है, उसके लिए कच्चा माल ज्यादातर विदेशों से ही आता है, जिनमें यूक्रेन, रूस, मोरक्को और चीन मुख्य हैं। विदेशों में दाम बढ़ने के कारण इफको की डी.ए.पी. की कीमत में भी जबदस्त वृद्धि संभव है। खादों के दामों में वृद्धि का सीधा असर कृषि लागत पर पड़ता है।

खरीफ सीजन में खादों के दाम को नियंत्रित करने के लिए सरकार की ओर से न्यूट्रिएन्ट बेस्ड सब्सिडी में वृद्धि करने का विचार है। सरकार द्वारा 2.5 लाख करोड़ रुपये सब्सिडी भार वहन करने का अनुमान है। संभव है कि सरकार सऊदी अरब और ईरान से खाद प्राप्त करे। खरीफ सीजन हेतु 19.81 लाख मीट्रिक टन पोटाश की भी जरूरत होगी, जबकि केवल पांच लाख मीट्रिक टन पोटाश खाद की ही उपलब्धता है। जाहिर है, यह कमी आयात से पूरी हो सकती है। पर अगर युद्ध लंबा खिंचता है, तो खाद संकट के गहराने से कृषि उत्पादन प्रभावित होगा।

सुभाष चंद्र कुशवाहा

## मिला जुला

# पी चिदंबरम के बेटे पर सीबीआई का छापा

## चीनी नागरिकों को वीजा दिलाने के लिए 50 लाख की रिश्वत का आरोप; 9 ठिकानों पर कार्रवाई जारी

*नई दिल्ली( एजेंसी )। CBI ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्तमंत्री पी. चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम के 9 ठिकानों पर छापा मारा है। इस दौरान CBI ने कार्ति के खिलाफ नया मामला दर्ज किया गया है। उन पर 250 चीनी नागरिकों को वीजा दिलवाने के लिए कथित तौर पर 50 लाख रुपए की रिश्वत लेने का आरोप है।*



अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई को आईएनएक्स मीडिया मामले में लेन-देन की जांच के दौरान इसकी जानकारी मिली। बता दें कि वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कथित तौर पर नियमों की अनदेखी कर चीनी नागरिकों को वीजा दिलाने में मदद की। पंजाब में स्थित तलवंडी साबो पावर लिमिटेड प्रोजेक्ट चल रहा था, जिसके लिए चीनी मजदूरों को वीजा दिलाया गया था।

**कार्ति बोले- यह कितनी बार हुआ, मैं भूल गया हूं**

कार्रवाई के दौरान कार्ति चिदंबरम ने ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि यह (CBI की कार्रवाई) कितनी बार हुआ है, मैं गिनती भी भूल गया हूं। इसका एक रिकॉर्ड होना चाहिए। बता दें कि CBI ने 2010-2014 के बीच के इस मामले में नया केस दर्ज किया है। उसी मामले में आज की कार्रवाई की गई है।

### गेट फांद कर घर के अंदर घुसे CBI अफसर

CBI तमिलनाडु में तीन, मुंबई में तीन, पंजाब में एक, कर्नाटक में एक और ओडिशा में एक सहित नौ स्थानों पर तलाशी ले रही है। इसमें ऑफिस और घर शामिल हैं। दिल्ली में पी चिदंबरम के घर का गेट बंद होने के कारण CBI के अधिकारी गेट फांद कर अंदर घुसे। सूत्रों के मुताबिक, कार्ति चिदंबरम के खिलाफ कथित विदेशी निवेश को लेकर CBI ने यह कार्रवाई की है। छापेमारी सुबह आठ बजे शुरू हुई।

***मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है मामला -***

मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा ये मामला साल 2007 का है और INX मीडिया कंपनी से जुड़ा है। इसकी डायरेक्टर शीना बोरा हत्याकांड की आरोपी इंद्राणी मुखर्जी और उनके पति पीटर मुखर्जी थे। इस मामले में ये दोनों भी आरोपी हैं। आरोपों के मुताबिक पी. चिदंबरम ने उस वक्त वित्त मंत्री रहते हुए रिश्वत लेकर द्बह्म्ङ्ग मीडिया हाउस को 305 करोड़ रु. का फंड लेने के लिए विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (FIPB) से मंजूरी दिलाई थी।

***एयरसेल-मैक्सिस डील में भी आरोपी-***

इस प्रक्रिया में जिन कंपनियों को फायदा हुआ, उन्हें चिदंबरम के सांसद बेटे कार्ति चलाते हैं। इस मामले में CBI ने 15 मई 2017 को केस दर्ज किया था। वहीं 2018 में ED ने भी मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। एयरसेल-मैक्सिस डील में भी चिदंबरम आरोपी हैं। कार्ति पर यह भी आरोप है कि उन्होंने इंद्राणी की कंपनी के खिलाफ टैक्स का एक मामला खत्म कराने के लिए अपने पिता के रुतबे का इस्तेमाल किया। मार्च 2018 में इंद्राणी मुखर्जी ने CBI को दिए बयान में बताया था कि INX मीडिया को FIPB से मंजूरी दिलाने के लिए उनके और कार्ति चिदंबरम के बीच 10 लाख अमेरिकी डॉलर की एक डील हुई थी।

### 'वापसी का टिकट लेकर आएं राज ठाकरे' भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को मिला जदयू का साथ



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे के अयोध्या दौरे का विरोध कर रहे भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को जनता दल यूनाइटेड का साथ मिला है। जनता दल यूनाइटेड ने सोमवार को भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के 5 जून को राज ठाकरे के प्रस्तावित अयोध्या दौरे को रोकने के आह्वान का समर्थन किया है। जेडीयू ने कहा है राज ठाकरे को पहले 'उत्पीड़न' के लिए माफी मांगनी चाहिए, इसके बाद ही उन्हें अयोध्या में जाना चाहिए। दरअसल, जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने कहा है कि उन्होंने भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के अभियान को अपनी पार्टी का समर्थन देने के लिए उनसे बात की है।

## एक नजर

### दो कंपनियां खरीदकर अडानी सीमेंट बनी देश में इस क्षेत्र की दूसरी बड़ी कंपनी, इन्फ्रा क्षेत्र का सबसे बड़ा सौदा

**नई दिल्ली।** देश की दो बड़ी सीमेंट कंपनियां अंबुजा और एसीसी अब गौतम अडानी की अगुआई वाले अडानी ग्रुप की हो गई हैं. अडानी ग्रुप ने इन दोनों कंपनियों को स्विट्जरलैंड की कंपनी होलसिम से खरीद लिया है. यह डील 10.5 अरब डॉलर यानी करीब 81 हजार करोड़ रुपये में हुई है. अडानी ग्रुप विदेश में स्थित अपनी



एक सब्सिडियरी के जरिए यह हिस्सेदारी खरीदेगा. Holcim के पास अपनी सहयोगी के जरिए अंबुजा सीमेंट्स में 63.19 फीसदी और ACC में 54.3 फीसदी हिस्सेदारी (इसमें से 50.05 फीसदी हिस्सेदारी अंबुजा सीमेंट्स के जरिए ली गई है) है। अडानी ग्रुप और देश के इंफ्रास्ट्रक्चर व बिल्डिंग मैटेरियल इंडस्ट्री का यह अब तक का सबसे बड़ा अधिग्रहण है. अडानी ग्रुप पिछले साल अडानी सीमेंट इंडस्ट्रीज के नाम से सीमेंट सेक्टर में दाखिल हुआ था. इस डील के बाद अडानी ग्रुप भारत का दूसरा सबसे बड़ा सीमेंट मेकर बन जाएगा. ACC की शुरुआत 1 अगस्त 1936 को मुंबई में हुई थी. अंबुजा सीमेंट की स्थापना 1983 में नरोत्तम सेखसरिया और सुरेश नियोतिया ने की थी. होलसिम कंपनी ने भारत में 17 साल पहले कारोबार शुरू किया था. इसे दुनिया की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी माना जाता है।

# गेहूं का एक्सपोर्ट बंद करने पर भारत के साथ आया चीन, कहा- हम जैसों को दोष देना गलत



गेहूं की बढ़ती कीमतों को देखते हुए भारत ने निर्यात पर प्रतिबंध लगाया तो यूरोप में कीमतों में उछाल देखने को मिला। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के चलते गेहूं की आपूर्ति प्रभावित हुई है जिसकी वजह से गेहूं की कीमतें बढ़ रही हैं। अब इस मामले में चीन भी भारत के साथ दिखायी दे रहे हैं। निर्यात पर बैन लगाने को लेकर चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि इसमें हम जैसों का क्या दोष है। दरअसल इस निर्यात बैन को लेकर जी7 देशों ने भारत की आलोचना की। चीन ने कहा कि जी-7 देशों के कृषि मंत्री भारत से गेहूं के एक्सपोर्ट पर लगी रोक हटाने की मांग कर रहे हैं। वे देश खाद्यान्न बाजार को स्थिर करने का प्रयास खुद क्यों नहीं करते? चीन ने कहा, भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश है लेकिन दुनियाभर में पहुंचने वाले गेहूं में भारत का कम ही होता है।

वहीं अमेरिका, कनाडा, ईयू और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश ज्यादा निर्यात किया करते थे। सवाल उठता है कि इन देशों ने गेहूं के निर्यात में गिरावट क्यों की? चीनी मीडिया ने खुलकर भारत का पक्ष लेते हुए कहा कि जो देश अपने यहां लोगों को गेहूं सप्लाई करने का प्रयास कर रहा है और बड़ी आबादू को भोजन देने की कोशिश कर रहा है उसकी आलोचना क्यों की जा रही है।

## मैदानी इलाकों में पारा गिरा

# दक्षिण-पश्चिम मानसून की दस्तक, पहाड़ों पर बारिश

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम मानसून अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में दस्तक दे दिया है। आसपास के इलाकों में क्षोभमंडल के निचले स्तरों में दक्षिण-पश्चिमी हवा के मजबूत होने के कारण बारिश हो रही है। केरल में 27 मई तक मानसून पहुंचने की संभावना है। वहीं, अगले चार-पांच दिनों में केरल, कर्नाटक असम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में प्री मानसून बारिश होने के आसार हैं। उधर, दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में मंगलवार से तेज गर्मी से राहत मिलने के साथ ही अगले चार दिनों तक लू चलने की कोई संभावना नहीं है।



**आज से कम होगी गर्मी**

समाचार एजेंसी एएनआइ के अनुसार, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के वरिष्ठ विज्ञानी आरके जेनामणि ने कहा कि दिल्ली और अन्य उत्तर भारतीय राज्यों में मंगलवार से अगले चार दिनों तक लू नहीं चलेगी। रविवार को सबसे भीषण गर्मी थी, लेकिन अब चरम खत्म हो चुका है। सोमवार को दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश में तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

### एलआईसी के शेयरों की फ्लॉप लिस्टिंग, पहले ही दिन निवेशकों को नुकसान

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ इंडिया के शेयरों ने आज 17 मई को फाइनली शेयर बाजार में डेब्यू कर लिया है। एलआईसी के शेयर आज मंगलवार को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो गए। बीमा कंपनी के शेयरों ने निवेशकों को लिस्टिंग के पहले दिन निराश किया है। कंपनी के शेयर बीएसई पर 81.80 रुपये डिस्काउंट यानी 8.62% गिरावट के साथ 867.20 रुपये प्रति शेयर पर लिस्ट हुए हैं। वहीं, NSE पर एलआईसी के शेयर 77 रुपये डिस्काउंट पर लिस्ट हुए। एनएसई पर कंपनी के शेयर 8.11 पर्सेंट की गिरावट के साथ 872 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। हालांकि, लिस्टिंग के करीब 10 मिनट बाद 10.02 बजे एलआईसी के शेयरों में थोड़ी रिकवरी नजर देखी जा रही है। बीएसई पर कंपनी के शेयर 4.36% पर्सेंट की गिरावट के साथ 907.60 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। वहीं, इस समय एनएसई पर एलआईसी के शेयर 4.72त्न की गिरावट के साथ 904.25 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं।



# बिलासपुर बुल्स ने एनईआई रेलवे को हराकर जीता बिलासपुर बास्केटबॉल लीग का खिताब

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।

ग्रीष्मकालीन अंडर–19 बिलासपुर बास्केटबॉल लीग का आयोजन देवकीनंदन स्कूल बास्केटबॉल मैदान पर किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बास्केटबॉल में बिलासपुर को एक नई पहचान दिलाना और राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी तैयार करना है बिलासपुर बास्केटबॉल लीग का खिताब बिलासपुर बुल्स ने रोमांचक मुकाबले में एन ई आई रेलवे को 58–51 के मुकाबले 7 अंको से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया इस संबंध में जानकारी देते हुए बिलासपुर बास्केटबॉल कोच आनंद सिंह ने बताया कि




देवकीनंदन स्कूल बास्केटबॉल मैदान पर अंडर 19 बिलासपुर बास्केटबॉल लीग का आयोजन 14 से 16 मई तक किया गया इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि फ़ाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी बिलासपुर चैयरमेन प्रिंस भाटिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फ़ाइनल मैच का लुत्फ उठाया और विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में पूरे बिलासपुर जिला के बास्केटबॉल खिलाड़ियों का 8 टीम बनाकर लीग कम नाक आउट पद्धति से मैच कराया गया जो 8 टीम था बिलासपुर कारपोरेशन बिलासपुर बुल्स, राजेन्द्र नगर, छत्तीसगढ़ स्कूल, और रेलवे बिलासपुर की टीम शामिल थी। इस बास्केटबॉल लीग का आयोजन करने से रास्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सामने आ रहे है प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल बिलासपुर बुल्स और बिलासपुर कॉर्पोरेशन के मध्य खेला गया जिसमें बिलासपुर बुल्स ने बिलासपुर कॉर्पोरेशन को हराकर फ़ाइनल में पहुचा दूसरा सेमीफाइनल मैच एनईआई रेलवे और राजेंद्र नगर के बीच खेला गया जो काफ़ी रोमांचक रहा जिसमे रेलवे ने 48–45 के मुकाबले 3 अंको से जीतकर फ़ाइनल में प्रवेश किया सेमीफाइनल फाइनल मैच के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ हॉकी संघ महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया फ़ाइनल मुकाबला बिलासपुर बुल्स और रेलवे के मध्य खेला गया। जिसमें बिलासपुर बुल्स से रेलवे को 7 अंको से हराकर बिलासपुर बास्केटबॉल लीग का खिताब जीता इस मैच के रेफ़री अमित पिल्ले, मोहन निषाद थे स्कोरर गुंजा केशरवानी और टाइमर ऋषभ हडलेशकर थे बिलासपुर बास्केटबॉल लीग का उद्धघाटन समारोह के मुख्य अतिथि मैनेजिंग डायरेक्टर चैन ऑफ सेंट जेवियर स्कूल जीएस पटनायक विशिष्ट अतिथि हरिभूमि सिटी चीफ, डिटर प्रियांग परिहार और अतिथि बिलासपुर जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा थे इस प्रतियोगिता को सफ़ल बनाने के लिए जिला बास्केटबॉल अध्यक्ष संतोष वाजपेयी, सचिव डॉ.सुधीर राजपाल, आनंद सिंह नीलेश श्रीवास, प्रभात गुप्ते, मनोज कश्यप, रामप्रताप सिंह, बृजेश शर्मा,प्रदीप वर्मा प्रमोद विश्वास, अमित मंडल, एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

## फर्स्ट नेशनल रेसलिंग एण्ड पैंकरेशन चैम्पियनशिप खिलाड़ी ने कलेक्टर से की मुलाकात दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

छत्तीसगढ़ नेशनल ट्रेडिशनल एण्ड पैंकरेशन एसोसिएशन द्वारा आयोजित फ़र्स्ट नेशनल रेसलिंग एण्ड पैंकरेशन चैम्पियनशिप 2022 का आयोजन 12 से 15 मई 2022 तक रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इन्डोर स्टेडियम में किया गया जिसमें पांच इवेन्ट कराया गया प्रत्येक खिलाड़ी को किसी दो इवेन्ट में भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया। उन्होंने कलेक्टर से मुलाकात की। कलेक्टर इफ्फ़त आरा ने जिले का नाम रोशन करने



एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिले के इन दो खिलाड़ियों ने इस चैम्पियनशिप में भाग लिया जिसमें ग्राम बरौल पोस्ट कृष्णपुर के ब्रिकेश कुमार को अपने पहले इवेंट पैंकरेशन थलिमा में गोल्ड मेडल व दूसरा इवेंट बेल्ट रेसलिंग में ब्रॉन्ज मेडल तथा महगंवा के सोनू राजवाड़े ने अपने पहले इवेंट पैंकरेशन थलिमा में सिल्वर मेडल व बेल्ट रेसलिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीत कर जिले के साथ.साथ राज्य का नाम भी रौशन किया है। इसके साथ–साथ छग राज्य को पैंकरेशन एथलिमा में सबसे ज्यादा मेडल जितने का ट्राफ़ी भी मिला है। इन दोनों खिलाड़ियों ने आज कलेक्टर इफ्फ़त आरा से भेंट किया जिस पर कलेक्टर ने दोनो खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन को देख खुशी जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है और आगे भी ऐसे प्रदर्शन करने प्रोत्साहित किया है।

## भगवान कृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए सच्ची दोस्ती

**कोरबा** । श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन के अंतिम दिन महामृत्युंजय महादेव मंदिर निगम कालोनी निहारिका में भागवताचार्य डा प्रेमा शुक्ला ने भागवत में भगवान कृष्ण और सुदामा की दोस्ती के बारे में विस्तार से बताया। भागवताचार्य डा प्रेमा ने कहा कि सुदामा बहुत ही गरीब थे वो अपनी पत्नी और पांच बच्चे के साथ रहते थे। भीख मांग कर अपना गुजारा कर रहे थेए वो सिर्फ पांच घर में भिक्षा मांगते थे।

सुदामा की पत्नी सुशीला को किसी ने बताया कि भगवान द्वारकाधीश कृष्ण और सुदामा की बहुत अच्छी दोस्ती थीए दोनों एक साथ गुरुकुल में पढ़ाई किए हैं। द्वारकाधीश महाराजा कृष्ण सभी ब्राह्मणों को अधिक से अधिक दान करते हैं। उसके बाद घर में आकर सुशीला सुदामा को कहते हैं कि आप अपने दोस्त से सहयोग ले लो क्योंकि हमारी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है और वह कृष्ण आपके सखा आपकी मदद करेंगे। सुदामा पैदल द्वारका पूरी के लिए निकल जाते हैं चलते चलते उनके पैर में कांटा चुभ गया फ़िर एक जगह पेड़ के नीचे बैठ गए। तभी उनका कांटा एक ग्वाला पैर से निकाला और उसके बाद सुदामा को राहत महसूस हुई और उसके बाद पेड़ के नीचे सो गए। सुबह उठे तो वह द्वारकापुरी पहुंच गए थे।

## योजनाबद्ध तरिके से चोरी के वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को थाना सिंघनपुरी जंगल से पुलिस ने किया गिरफ्तार

घटना के महज 24 घण्टे के अंदर आरोपी चोर को गिरफ्तार कर पहुंचाया गया सलाखों के भीतर

**कवर्धा** । कबीरधाम जिले के थाना सिंघनपुरी जंगल में प्रार्थी नैनसिंह मरकाम पिता सुखा सिंह मरकाम उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम कटंगी कलॉ थाना सिंघनपुरी जंगल जिला कबीरधाम छ.ग. द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। कि दिनांक –14.05.2022 को रात्रि में मैं अपने परिवार सहित खाना खाकर सो गया था। रात्रि करीबन 11:15 बजे किसी चीज के बजने की आवाज से मेरी नींद खुली तो मैंने देखा कि गाँव का टेकसिह नेताम अपने एक साथी के साथ घर के अंदर घुसा था, तब मेरे द्वारा चिल्लाने पर टेकसिंह अपने साथी के साथ घर के पिछे के दरवाजे से भाग गया। जिस पर मेरे द्वारा घर के सामान को देखा गया तो घर के टीना के पेटी में रखे चांदी का पायल, चांदी का करधन, नगदी रकम 40,000/ रू. एवं टेबल में रखे 02 नग मोबाईल को चोरी कर ले गया था। कि रिपोर्ट पर थाना सिंघनपुरी जंगल में अपराध क्रमांक 22/ 2022 धारा 457, 380, 34 भादवि कायम कर विवेचना पर लिया गया तथा उक्त घटना की जानकारी थाना प्रभारी के द्वारा जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को दी गई। जिस पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मोनिका सिंह परिहार व उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल कौशल किशोर वासनिक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिंघनपुरी जंगल निरीक्षक आनंद शुक्ला के द्वारा थाने में विशेष टीम तैयार कर आरोपियों के पता तलाश हेतू रवाना किया गया।

## बगीचा में पालक शिक्षक-छात्र की बैठक सम्पन्न

स्कूल की शिक्षा व्यवस्था के संबंध में की गई चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बगीचा में पालक शिक्षक–छात्र बैठक का आयोजन विगत दिवस को किया गया। बैठक में स्कूल संचालन के संबंध में पालक एवं छात्रों से सुझाव लिए गए सभी ने स्कूल की व्यवस्थाओं पर अपनी संतुष्टि जताते हुए अपनी छोटे–छोटे मांगों को अधिकारियों के समक्ष रखा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जेके प्रसाद, विकास खंड शिक्षा अधिकारी तथा संस्था के प्राचार्य उपस्थित थे। बैठक में पालक कृष्ण राम ने कहा कि उनकी पुत्री नवमी कक्षा में अध्यनरत है और वे विद्यालय की शिक्षण सुविधा से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल इंजीनियरिंग की



कोचिंग की व्यवस्था जिले में हो तो बच्चों को आगे बढ़ाने में काफ़ी सहायता मिल सकेगी। इसी प्रकार पालक ममता शर्मा ने कहा कि उनकी बेटी इशिका शर्मा कक्षा चौथी में पढ़ती है। वहीं 12वीं की छात्रा विजेता ने कहा कि पहले वह प्राइवेट संस्था में शिक्षा प्राप्त कर रही थी। जहां कॉमर्स विषय नहीं थी, वर्तमान में वह स्वामी आत्मानंद विद्यालय में अध्ययन कर रही रही है जहां उसे अपने मनपसंद कॉमर्स विषय पढ़ने का अवसर मिला और यहां की सुविधाओं के लिए उन्होंने खुशी जाहिर की। सातवीं कक्षा सातवीं की छात्रा आस्था जायसवाल तथा 12वीं के छात्र दीपक गुप्ता ने स्पोर्ट्स सामग्री एवं स्पोर्ट्स टीचर की मांग की। उन्होंने कहा कि यहां नि:शुल्क एवं बेहतर शिक्षा मिल रही है जिससे वह एवं उनके पालक काफ़ी खुश है। जिला शिक्षा अधिकारी ने पालकों एवं छात्रों से कहा कि कि शीघ्र ही शिक्षकों की भर्ती कर ली जाएगी। नया शैक्षणिक सत्र 16 जून से प्रारंभ हो रहा है। उक्त अवधि तक स्कूलों में लाइब्रेरी कम्प्यूटर सामग्री, विज्ञान प्रयोगशाला, साथ ही स्पोर्ट्स शिक्षक, म्यूजिक शिक्षक एवं स्पोर्ट्स सामग्री सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था कर ली जाएगी।



## एक नजर

### मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत् पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत् पंजीकृत निर्माण श्रमिक की दो अविवाहित पुत्रियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने हेतु 20 हजार रूपए दिया जाता है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि उक्त योजना में संसोधन करते हुए श्रमिक पुत्री की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से 21 वर्ष किया गया है। सहायता योजना की पात्रता के लिए लड़की की माता या पिता अथवा दोनों को कम से कम एक वर्ष की अवधि से मण्डल में निर्माण श्रमिक के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री कम से कम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण हो। साथ ही श्रमिक की पुत्री श्रम विभाग के अंतर्गत किसी भी मंडल में पंजीकृत ना हो। उन्होने बताया कि योजना आवेदन हेतु पंजीकृत निर्माण श्रमिक आवश्यक दस्तावेज हितग्राही के जीवित श्रमिक पंजीयन कार्ड की मूल प्रति, पुत्री का आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जन्म प्रमाण पत्र, 10वीं की अंकसूची, स्व घोषणा प्रमाण पत्र एवं नियोजन प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ ऑनलाईन लोक सेवा केन्द्र, व्हीएलई, सीएससी अथवा श्रम विभाग में आवेदन कर सकते है। योजना की अधिक जानकारी के लिए कार्यालय श्रम विभाग या अभिषेक कुमार यादव 9111122448 से संपर्क किया जा सकता है।

### मेमू में टूटकर गिरा ओएचई तार, घंटो तक खड़ी रही ट्रेन, यात्री हुए परेशान

**बिलासपुर** । गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले से लगे एमपी बार्डर पर मंगलवार को बिलासपुर से कटनी की ओर जा रही मेमू ट्रेन पर ओएचई लाइन का तार टूटकर गिर गया। इससे बोगी पर स्पार्किंग होने लगी। यात्री घबरा गए और लोको पायलट ने भी ट्रेन रोक दी। घबराहट में सभी यात्री ट्रेन से नीचे उतर गए। मौके पर बोगी में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई थी। डेढ़ घंटे तक ट्रेन यहां फंसी रही उसके बाद ट्रेन को आगे बढ़ाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह बिलासपुर–कटनी मेमू पैसेंजर ट्रेन की बोगी के ऊपर ओएचई लाइन का तार गिरने से हड़कंप मच गय। यह घटना गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले से लगे एमपी बार्डर पर अनुपपुर के पास की है। बिलासपुर से सुबह निकलने के बाद करीब 9 से 9:30 के बीच मेमू की एक बोगी पर ओएचई लाइन का तार गिर गया। इससे मेमू अचाकन झटके से रुक गई।

इससे पहले की यात्री कुछ समझ पाते बोगियों में अफ़रातफ़री मच गई। सभी नीचे उतरने लगे। इस दौरान यात्रियों ने देखा कि ओएचई लाइन की तार बोगी के ऊपर गिर गई है। इससे बोगी के ऊपर चिंगारी निकलने लगी थी। यात्री घबरा गए। पायलट ने ट्रेन रोककर कंट्रोल रूप सूचना दी। बताया जा रहा है ओएचई तार से लगे चीनी मिट्?टी के पैनल के कारण बोगियों में करंट नहीं दौड़ा नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

करीब ड़ेढ़ घंटे ट्रेन यहां फंसी रहीं इसके बाद उसे वहां से निकाला गया। रेलवे की मेंटेनेंस टीम ने पहुंचकर ओएचई लाइन के तार को ठीक किया। बताया जा रहा है कि पेड़ की टहनी के टूटकर गिरन के कारण ओएचई लाइन का तार टूटा था।

### नारायण सेवा समिति के अखंड महामंत्री कीर्तन कार्यक्रम में संसदीय सचिव होंगे शामिल

**जगदलपुर** । नारायण सेवा समिति द्वारा लक्ष्मी नारायण मंदिर पनारापारा जगदलपुर में आयोजितअखंड महामंत्र कीर्तन यज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुए संसदीय सचिव एवं विधायक जगदलपुर रेखचंद जैन !

भजन कीर्तन कार्यक्रम में शामिल होकर ने पूजा अर्चना करके समूचे बस्तर और छत्तीस गढ़ के लिए सुख शांति एवं समृद्धि तथा खुशहाली के लिए मंगल कामना की साथ ही हरे रामा हरे कृष्णा का महा मंत्र का जाप किया इस कार्यक्रम में संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ मदन दुबे अतिरिक्त शुक्ला हेमू उपाध्याय, विजय सिंह, अमरनाथ सिंह, एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एक क्रशर प्लांट सील चार को नोटिस जारी

**जगदलपुर** । बस्तर तहसील के पिपलावण्ड क्षेत्र में खनिज विभाग ने संचालित उत्खननपट्टों की जांच की गयीं। जिसमें पट्टेदार अंबर पवार द्वारा संचालित खदान को छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियमों के उल्लंघन पाये जाने पर संचालित क्रेशर यूनिट एवं पावर यूनिट को सीलबंद किया गया तथा इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत पिपलावण्ड क्षेत्र में संचालित अन्य चार क्रेशर संचालकों के विरूद्ध अन्य पट्टा शर्तो के उल्लंघन पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## गायत्री परिवार ने बुद्ध पूर्णिमा मनाया, 751 घरों में गायत्री यज्ञ सम्पन्न हुई

जोहार छत्तीसगढ़–देवभोग।

जिला गरियाबंद के आध्यात्मिक ब्लॉक शक्तिपीठ कांडेकेला के समस्त प्रज्ञा मंडल एहीरक मण्डल में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में कुल 751 घरों में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ के माध्यम से बुद्ध पूर्णिमा के पावन बेला में 15 और 16मई 2022 को सबके उज्वल और प्रगतिशील जीवन के साथ समाज में मधुर वातावरण निर्माण हेतु यज्ञ पिता और गायत्री माता से प्रार्थना कर भारतीय संस्कृति के मूल बातों का संदेश सभी जन तक पहुंचा, इसमें विभिन्न संस्कार मुंडन, नामकरण, विवाह,अन्नप्राशन, पुंसवन संस्कार करवाए गए।



जन जन तक वृक्षारोपण बलिवैश्य एतुलसी पौध रोपण, गौ संरक्षण और जल स्त्रोत के स्वक्षता का संकल्प भी करवाए गए। जिसमे कांडेकेला के समस्त युवा मण्डल, महिला मण्डल, हीरक प्रभारी और प्रज्ञा मण्डल प्रभारियों की भूमिका रही। शक्तिपीठ कांडेकेला के ब्लॉक समन्वयक दिलीप कुमार सिन्हा, सह समन्वयक देवशरण साहू, उमाशंकर हंसराज, परिव्राजक जुगेश्वर यादव, पवन यादव, केशव कश्यप, मकर ध्वज यादव, नेगराज यादव, शिवराज यादव, बरूण चक्रधारी,शेखर साहू, यशवंत मरकाम,भुवनेश्वर यादव,दाऊ लाल यादव,युवा प्रकोष्ठ पुलस्त साहू, नारायण प्रसाद कश्यप,चुम्मन यादव,भुनेश्वर सिन्हा,चंद्रभान यादव दुल्लू राम यादव,प्रेम चक्रधारी,दशरथ सिन्हा, शुवाष सिन्हा, डोलेश्वर सिन्हा,तिलोचन सिन्हा,दीपचंद सिंहा और समस्त गायत्री परिवार द्वारा विभिन्न परिवार में जाकर आस्था जगाने और धरती पर स्वर्ग के अवतरण और मानव में देवत्व के जागरण की बात यज्ञ के माध्यम से की।

## कलेक्टर ने अधिकारियों को जन-चौपाल में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता के करने दिए निर्देश

युवा मितान क्लब के तहत् युवाओं को प्रशिक्षण दिलाएं

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक लेकर टीएल के लंबित प्रकरण, मनरेगा, सी–मार्ट युवा मितान क्लब का गठन, पेयजल आपूर्ति की स्थिति, गोबर खरीदी, खाद वितरण एवं अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और सभी जनपद सीईओ को युवा मितान क्लब को प्रशिक्षण देकर विभिन्न गतिविधियां करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि युवा मितान क्लब के तहत् युवाओं को छत्तीसगढ़ शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में भी जानकारी दे, साथ ही सांस्कृतिक और खेल गतिविधियॉ भी उनके माध्यम से करवाने के लिए कहा गया है। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को गर्मी के मौसम को देखते हुए जहॉ–जहॉ पेयजल की समस्या आ रही है वहॉ पर



* विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधे लगाने के लिए तैयारी करने के लिए कहा
* मनरेगा के लंबित मजदूरी भुगतान को शीघ्र करने के दिए निर्देश

समाधान करने के लिए कहा है। साथ ही बिगड़े हैंण्ड पंपों को शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 5447 बसाटों में 16586 हैण्ड पंपो और 101 नल जल योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हैण्ड पंप खराब की सूचना मिलने पर तकनीशियन को सुधार हेतु तत्काल रवाना किया जाता है।

कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा कि विकासखण्डों में जन चौपाल और समाधान शिविर के माध्यम से पेंशनए, राशन कार्ड, राजस्व संबंधित प्रकरण, पेयजल, पुल पुलिया, सड़क, विद्युत संबंधित समस्या आवेदन प्राप्त हुए हैं उनका संबंधित विभागों को प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि पहुंच विहिन आंगनबाड़ी, स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, जहॉ तक पहुंचने के लिए लोगों को सीसी रोड की आवश्यकता पड़ रही है ऐसे आवेदनों को भी प्राथमिकता से शामिल करने के लिए कहा गया है। आगामी 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खण्डों में पौधा रोपण किया जाना है इसके लिए वन विभागए उद्यान विभाग और सभी जनपद सीईओ को तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा ऋृतु में भी बड़े पैमाने पे आंगनबाड़ी, स्कूल, आश्रम–छात्रावास और सड़क के किनारे पौधे लगाया जाना है इसलिए अभी से पौधे तैयार करके रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को मनरेगा के तहत् लंबित मजदूरी भुगतान प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों के गोठानों के माध्यम से गोबर खरीदी और खाद बनाने की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

साथ ही मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत् जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही दवाईयॉ वितरण कराने के लिए कहा गया है। उन्होंने खरीफसीजन को देखते हुए खाद.बीज उपलब्धता की जानकारी ली और सहकारिता विभाग के माध्यम से किसानों को रासायनिक खाद और वर्मी कम्पोस्ट खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुख को अपने विभाग के लंबित पेंशन, अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का भी निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर वन मण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केएस मण्डावी सभी एसडीएम जनपद सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मंडुकपर्णीय की खेती कराएगी किसानों की आमदनी दोगुनी, विदेशों तक एक्सपोर्ट होगी उपज

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।

**छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के किसानों ने एक कमाल कर दिखाया है। किसानों ने मंडुकपर्णी यानी ब्राम्ही की खेती की है, जो कि अब विदेशों में धूम मचाने वाला है आने वाले समय में इसकी पैदावार को बढ़ाया जाएगा।**





साथ ही ऐसी व्यवस्था की जाएगी। जिससे किसान खुद ही अपनी पैदावार विदेशों तक बेच सकें बता दें कि देश में छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा भी कहा जाता हैए क्योंकि यह अधिकतर किसान धान की खेती करते हैं।

### युवा किसान का अनोखा प्रयोग

दरअसल, पीएम मोदी ने साल 2022 तक किसानों की आमदनी को दोगुना करने का लक्ष्य तैयार किया है। इस कड़ी में नगर पंचायत नवागढ़ के युवा किसान ने नवागढ़ में 2 साल पहले मंडुकपर्णीय की खेती का अभिनव प्रयोग किया था रूद्रपुर से प्रयोग के तौर पर मंडुकपर्णी का पौधा गया था।

### आधा एकड़ में हुआ यह प्रयोग

पहले साल में सिर्फ आधा एकड़ में मंडुकपर्णी लगाया गया। जब इसका अच्छा परिणाम आने लगाएतो दूसरे साल लगभग एक एकड़ में मंडुकपर्णी का उत्पादन किया गयाण् खुशी की बात है कि इलाहाबाद की एक हर्बल फर्म ने 10 टन मंडुकपर्णी खरीदने की मांग है 5 क्युंटल खरीदा है।

### 50 किसानों को दिया जाएगा पौधा

जिले के 50 किसानों को मंडुकपर्णी का पौधा दिया जाएगा इसकी क्रॉप कटिंग में अच्छे परिणाम देखने को मिले थे। इसके बाद ही जून 2022 में मंडुकपर्णी की खेती का दायरा बढ़ाया जाएगा। इसकी खेती 50 एकड़ में किया जाएगा।

### औषधीय गुणों वाला मंडुकपर्णी

मंडुकपर्णी को आयुर्वेद में मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र के लिए बहुत कारगर जड़ी बूटी बताया है। यह मस्तिष्क को तंदरुस्त रखता है, सूजन को कम करता है, परिसंचरण में सुधार करता है, और घाव को जल्दी भरने में मदद करता है।

### दिमाग को तंदरुस्त रखे मंडुकपर्णी

मण्डूकपर्णी को दिमाग के लिए टॉनिक माना जाता है। इसके इस्तेमाल से एकाग्रता बढ़ती है और दिमाग तेज होता है। इसके साथ ही ध्यान लगाने में मदद करता है।

### तनाव के लक्षणों को कम करें

तनाव या चिंता के लक्षणों को कम करने के लिए भी मण्डूकपर्णी को बहुत फायदेमंद माना जाता है। कई शोधों में यह साबित हुआ है कि पैनिक अटैक और एंग्जायटी जैसी समस्याओं में राहत दिलाने में मदद करता है।

## एक नजर

### महकुल समाज ने अखण्ड विष्णु नाम महायज्ञ अष्ट प्रहरी बड़े धूमधाम से किया

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



सीतापुर के ग्राम पंचायत सरगा में महकुल समाज के द्वारा तीन दिवसीय अखण्ड विष्णु नाम महायझ अष्टप्रहरी का सफल आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। जिसमें भारी संख्या में कृष्ण भक्त शामिल हुए। इस अखण्ड विष्णु नाम महायज्ञ अष्टप्रहरी में शामिल होने सीतापुर के आसपास के गांवों के अलावा महादेवडाड़, कांसाबेल, पत्थलगांव, कुनकुरी,कापू,बतौली,मैनपाट, लुंड्रा,लुड़ेग आदि स्थानों से कुल 21 हरि कीर्तन मंडलियों ने 24 घण्टे चले अखण्ड हरि कीर्तन में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। तीन दिवसीय इस अखण्ड आयोजन में शामिल होने वाले सभी हरि भक्तो के आवास व भंडारे की व्यवस्था भी महकुल समाज सीतापुर द्वारा बहुत ही अच्छे से की गई थी। समापन कार्यक्रम में प्राचीन ऐतिहासिक किलकिला मंदिर के महंत श्री-श्री 108 कपिल दास महाराज का सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीतापुर के महकुल समाज के वरिष्ठ जनो व युवाओं ने से भरपूर सहयोग प्रदान किया।

### महिलाओं से रेडी टू ईट काम छीनकर ठेकेदार को देने व भाजपा का जेल भरो आंदोलन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



प्रदेश भाजपा के आह्वान पर छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के अघोषित आपातकाल लगाकर धरना प्रदर्शन से विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों को वंचित करने तथा 10 हजार से अधिक महिलाओं से रेडी टू ईट का काम छिनकर ठेकेदार को देने एवं युवाओं, बेरोजगारों के साथ छलावा करने सहित कई मुद्दों को लेकर जिला भाजपा सूरजपुर द्वारा 16 मई को कलेक्ट्रेट घेराव कर जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार कानून लादकर लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करना चाह रही है। आज पूरा प्रदेश जब भूपेश सरकार के तानाशाही से त्रस्त होकर युवा महिला बेरोजगार कर्मचारी आंदोलन रत है तो सरकार उनके आवाज को दबाने काला कानून ला रही है। इस आंदोलन में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैंकरा रजनी त्रिपाठी, परमेश्वरी राजवाड़े भीमसेन अग्रवाल, अजय गोयल, रामकृपाल साहू सहित जिले भर के तमाम बड़े नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने सभी कार्यकर्ताओं को जवाबदारी सौंपी गई है भाजपा जिलाध्यक्ष ने सभी मंडल अध्यक्ष व मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की।

### मेरिट में आए विद्यार्थियों की कलेक्टर ने की हौसलाफजाई

पुष्पगुच्छ और प्रशस्ति पत्र देकर

**धमतरी** । ज़िले के ऐसे पांच बच्चे, जो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 10 वीं और 12 वीं में प्रदेश की मेरिट लिस्ट में जगह बनाए हैं, उन्हें कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने आज पुष्प गुच्छ और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें 12 वीं परीक्षा में मेरिट में छठवां स्थान प्राप्त श्रिया पांडे, दसवें स्थान में आए खुशान्क देवांगन सहित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में मेरिट में आए विवेक देवांगन, ओकेश कुमार, भूपेश कुमार गजेंद्र जो क्रमशः पांचवें, आठवें और नौवें स्थान में हैं, उन्हें भी कलेक्टर ने पुष्प गुच्छ और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इन विद्यार्थियों के अभिभावक भी साथ में मौजूद रहे। इसी क्रम में माउंट एवरेस्ट फतह करके आई ज़िले की दो दिव्यांग बच्चियों को भी कलेक्टर ने सम्मानित किया। दरअसल पिछले दिनों प्रदेश के नौ पर्वतारोहियों में जिले की कुमारी चंचल सोनी और रजनी जोशी भी दस दिनों में 5364 मीटर की चढ़ाई पूरी कर एवरेस्ट बेस कैंप पहुंचे।

## नए पुलिस कप्तान की कमान संभालते ही पुलिस एक्शन मोड़ पर, 3 टन अवैध काला हीरे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले में अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने के कड़े निर्देश थाना.चौकी प्रभारियों को दिए थे इसी परिपेक्ष्य में अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के विरूद्व पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी है। सोमवार की रात्रि में खड़गवा चौकी पुलिस ने एक पिकअप वाहन में लोड 24 हजार रूपये कीमत के 3 टन कोयला जप्त कर 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।16 मई 2022 को नवपदस्थ चौकी प्रभारी खड़गवां संजय सिंह रात्रि गश्त में निकले थे इसी बीच मुखबीर से सूचना मिली कि महान-2 के बंद खदान से कोयला चोरी कर पिकअप वाहन से प्रतापपुर की ओर ले जा रहे है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में चौकी खड़गवां की पुलिस ने ग्राम धरमपुर में पिकअप वाहन को घेराबंदी कर रोकवाया जिसकी तलाशी लेने पर उसमें कोयला लोड़ पाया चालक श्याम भगत आयाम पिता सुखलाल सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी मानपुर से कोयला खरीदी बिक्री का दस्तावेज मांगने पर कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया। पिकअप में लोड कोयला चोरी का होने की पूर्ण अंदेशा पर करीब 3 टन कोयला कीमत 24 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जप्त कर धारा 41;1.4 जाफौ /379 भादस के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां संजय सिंहए प्रधान आरक्षक संजय सिंह यादव, आरक्षक प्रमोद गुप्ता व चंदेश्वर राजवाड़े सक्रिय रहे।



## कलेक्टर एवं एसपी ने ली जिले की कानून सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक

फायनेशियल फ्राड,सायबर ठगी के मामले में होल्ड रकम 17,79,642 रूपये वापस कराने दिये निर्देश

जोहर छत्तीसगढ़- बेमेतरा।



माननीय मुख्यमंत्री छग शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार टीएल बैठक के पूर्व प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की जा रही है इसी क्रम में 17 मई 2022 दिन मंगलवार को संयुक्त कार्यालय बेमेतरा के सभाकक्ष में जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोसकर संदीपान एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा कानून सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लिया गया। जिसमें बेमेतरा जिले की कानुन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। साथ ही आनलाईन फ यनेशियल फ्र ड/सायबर ठगी के मामले में बेमेतरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सिटीजन फ यनेशियल फ्राड रिपोर्टींग पोर्टल पर तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर कुल 96 मामलो में 17,79,642 रूपये होल्ड कराया गया है। जिस संबंध में जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोसकर संदीपान एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा बैठक में उपस्थित बैक अधिकारीयों को होल्ड रकम संबंधित पीडित प्रार्थीयों के खाते में वापस करने हेतु निर्देशित किया गया। होल्ड रकम 17,79,642 रूपये को यथाशीघ्र प्रार्थियों के खाते में वापस कराने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ लीना मंडावीए अपर कलेक्टर डॉ अनिल बाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, प्रशिक्षु आईपीएस पूजा कुमार, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, बेमेतरा एसडीएम दुर्गेश वर्मा, नवागढ़ एसडीएम प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्केए डिप्टी कलेक्टर कु. पिंकी मनहर, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं थाना चौकी प्रभारियों एवं जिले के बैक अधिकारीयों सहित प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पानी की समस्या का स्थाई हल निकाले अन्यथा काले कानून तोड़ते हुए बैठेंगे धरने पर - संजय पांडे

**जगदलपुर** । निगम क्षेत्र अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय वार्ड और दंतेश्वरी वार्ड में पानी की समस्या को लेकर लगातार तीन महीने से दोनों वार्ड के पार्षद सविता गुप्ता एवं राजपाल कसेर प्रयास करते रहे, निगम में खाली मटके के साथ प्रदर्शन भी किया नगर निगम से कोई सकारात्मक पहल नहीं होने पर आज सुबह नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने निगमायुक्त को प्रभावित परिवारों के बीच आने को कहा, और सुबह आयुक्त महोदय पूरे पीएचई अमलो के साथ प्रभावित परिवार के बीच पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष ने आयुक्त से स्थाई हल निकालने को कहा अन्यथा वार्ड वासियों के साथ धरने पर बैठने की बात कही गई है। पेयजल का स्थाई हल निकालने हेतु वार्ड वासियों और पार्षदों के साथ चर्चा कर तत्काल बोर खुदवाने के लिए जो बाधाएं आ रही थी उसे वार्ड वासियों के सहयोग से दूर किया, इसके बाद निगम आयुक्त ने बोर खुदाई का तत्काल आदेश भी दिया है।

## विश्व उच्चताप दिवस पर खुटगांव में हेल्थ एजुकेशन

चालीस से अधिक मरीजों ने कराया वीपी सुगर का परीक्षण




जोहार छत्तीसगढ़- देवभोग।

देवभोग के खुटगांव उपस्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य को लेकर आये दिन कोई ना कोई गतिविधी होना नयी बात नहीं है। बीते मंगलवार को विश्व रक्त उच्चताप दिवस था यहां की कम्न्युटी हेल्थ अफ सर नमिता यादव ने खुटगांव संकुल के मितानिनो के सहयोग से उपस्वास्थ्य केन्द्र पर हेल्थ एजुकेशन आयोजित कर मरीजो के ब्लड प्रेसर,सुगर परीक्षण किया और इसके अलावा अन्य मरीजो का इलाज भी किया। माहभर पहले सीएचओ नमिता यदु और उसके साथी मंजुषा मण्डावी ने सुपरवाइजर आरसी वर्मा के नेतृत्व मे विश्व मलेरिया दिवस पर मार्क डील के जरिये लोगो को मलेरिया की जानकारी दिया था।

### तीन गांव के चालीस लोगों का ब्लड प्रेसर एसुगर जांच

उपस्वास्थ्य केन्द्र खुटगांव में करचिया टिकरापारा और खुटगांव के चालीस से अधिक मरीजों के ब्लड प्रेसर एसुगर जांच सहित सामान्य रोगों के इलाज किये गये। जिसमे 90फीसदी महिला मरीजों की संख्या थी वही इस अवसर पर उपस्वास्थ्य केन्द्र के सीएच ओ नमिता यदु ने ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य शिक्षा पर जानकारी दी और ब्लड प्रेसर सुगर जैसे बीमारीयों से बचाव के नियम बताये। ग्रामीण महिलाओं ने अपने शारिरीक परेशानियों को खुलकर महिला स्वास्थ्य कर्मी के सामने रखा। सीएच ओ ने ग्रामीण महिलाओ को उपस्वास्थ्य केन्द्र मे बेहत्तर इलाज का वादा भी किया।

### एक दिन पहले 17 मितानीनों ने गांव में किया सम्पर्क

*विश्व ब्लड प्रेसर दिवस के ठीक एक दिन पहले खुटगांव संकुल के मितानीन प्रशिक्षिका द्रोपदी डोंगरे सहित पानो बघेल, हेमकुमारी, ममता नायक, लालदी, रायमती, जिरामनी, ममता दौरा ओरबाली, प्रमीला, निलेन्द्री, लालो, चन्दाबाई, मीराबाई, देयमती, मालती, कुमारी, माधुरी सहित सत्रह मितानिनों ने गांव में सम्पर्क कर जांच के लिये प्रेरित किया था। वही खुटगांव उपस्वास्थ्य केन्द्र की सीएच ओ नमिता यादव ने मितानिनों को ब्लड प्रेसर, सुगर के मरीजो की सूचि तैयार कर केन्द्र में जमा करने को कहा है। चालीस से अधिक स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात सीएच ओ मितानिनो के बैठक में शामिल होकर जरूरी जानकारी दी।*

## बाबा उदयनाथ का राजनिति में होगा उदय अनुयायियों के बीच देवभोग में बड़ा आयोजन

अलेख पंथ के संस्थापक भीम भोई के जयंती कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित हुए अनुयायी





जोहार छत्तीसगढ़- देवभोग।

छग की राजनिति में इस बार क्या बाबा का उदय होगा, ये प्रश्न अलेख पंथ के कल के कार्यक्रम को लेकर लोगों के मन में है। कांडसर अलेख आश्रम के संत बाबा उदयनाथ इसबार राजनिति में प्रवेश कर जनता की सेवा का मन बना रहे है। विन्द्रानवागढ़ के राजनिति में बाबा उदयनाथ एक जाना पहचाना चेहरा है और हजारों की संख्या में क्षेत्रभर में उनके अनुयायी है और उनके अनुयायीयो का मानना है राजनिति में स्वच्छता और जनकल्याण कारी बनाने संतो का प्रवेश जरूरी है। बाबा उदयनाथ विन्द्रानवागढ़ के जितने चर्चित संत है उतना बड़ा उनका गौशाला है और उनके अनुयायीयो का उतना बडा लिस्ट भी है। इसलिये माना जा रहा है बाबा उदयनाथ यदि सक्रिय राजनिति में प्रवेश करते है तो उतना ही उनको सफलता का परिणाम मिल सकता है। हालांकि बाबा उदयनाथ पिछले दो चुनावों में रानतिति में सक्रिय नहीं थे पर पिछले दोबार राजनितिक पार्टीयां इनके संपर्क में थी पर उन्होंने चुनाव लड़ने साफ तौर पर मनाकर दिया था।

### योगी से प्रभावित होकर बाबा ने बनाया मन

बाबा उदयनाथ उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ से बहुत ज्यादा प्रभावित है कांडसर के अलेख बाबा राजनिति को देश धर्म के मुख्य उद्देश्य से जोड़ने संतो का राजनिति में प्रवेश को जरूरी मान रहे है। अलेख पंतत्रके संस्थापक भीम भोई के जयंती के अवसर पर देवभोग सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में हालांकि बाबा ने खुलकर राजनिति में आने की बात नहीं की है पर जनमानस का मानना है बाबा का उदय राजनिति मे हो सकता है जिसके लिये क्षेत्रभर के अनुयायी भी सहमती दे चुके है।


### जड़ी बुटीयों से इलाज व गौशाला चलाकर जनता में खासी पैठ

बाबा उदयनाथ अपने कांडसर आश्रम के अलावा क्षेत्रभर के गांव तक पहुंच कर आर्युवैदिक इलाज भी करते है उनके आश्रम में प्रतिदिन मरीजों की लम्बी लाईन लगी रहती है और इसी इलाज के कारण बाबा ने एक अलग ख्याति अर्जित की है। इसी प्रकार बाबा उदयनाथ कांडसर में गौशाला भी चला रहे है सैकड़ों गायों के मूत्र से गौझरण तो वही मरीज व भक्तो को दुध दही पिलाकर उनका मन मोह लेते है।

### कौन से पार्टी से लड़ते हैं इसका खुलासा बाकि

संतो का सियासी चोला पहनना कोई नयी बात नहीं है। छग की सियासत में संत पवन दिवान कांग्रेस भाजपा दोनों राजनितिक पार्टी से राजनिति की लम्बी पारी खेले। महंत रामसुंदर दास महाराज कांग्रेस के बड़े चेहरे मे गिने जाते है वही उप्र में बाबा आदित्य नाथ भी राजनिति को नया दिशा देने में अपनी बड़ी भूमिका निभायी है ऐसे मे बाबा उदयनाथ का राजनिति में आना कोई गलत नहीं है। बाबा किस पार्टी से चुनाव लड़ेंगे इसका खुलासा नहीं हुआ है अब देखना होगा कांडसर के बाबा किस पार्टी से चुनाव लड़ते है।

# मेरा परिवार दुंबई में रहना पसंद करता है: संजय दत्त



सुपरहिट फिल्म केजीएफ: चैप्टर 2 में अपने अभिनय ने सुर्खियों में रहने वाले बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त हाल ही में अपने परिवार को लेकर बयान दिया है। उनका कहना है कि उनको और उनके परिवार को दुंबई में रहना बहुत पसंद है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि, मान्यता को वहां अच्छा लगता है और बच्चे भी वहां पर खुश रहते हैं तो ठीक है। रिपोर्ट के अनुसार, मुन्नाभाई अभिनेता ने कहा कि वह अपने परिवार को दुबई में बसाने के लिए तैयार हैं क्योंकि उनके बच्चों को वहां रहना पसंद है और मान्यता ने भी दुबई में अपना काम शुरु किया है। एक्टर ने आगे कहा है कि, वह बच्चों की गर्मियों की छुट्टियों के दौरान परिवार के साथ रहेंगे।

# कंट्री बॉय विद्युत जामवाल ने आसमिस फिल्म मेकर्स के सपनों को किया साकार



कंट्री बॉय विद्युत जामवाल न केवल अपने प्रोडक्शन हाउस एक्शन हीरो फिल्म्स के माध्यम से, बल्कि क्षेत्रीय सिनेमा का समर्थन करके भी प्रतिभा को प्रोत्साहित कर रहे है। बड़े दिल वाले अभिनेता ने इस बार एक आगामी एक्शन आसमिस फिल्म लोकल उत्पात को स्पोंसर किया है जो आज रिलीज हो गई है। जामवाल ने इस फिल्म को वित्तीय सहायता दी है। निर्देशक केनी बसुमतारी कहते हैं, मैं अपने पसंदीदा एक्शन स्टार का शुक्रगुज़ार हूं, क्योंकि उन्होंने हमारे ड्रीम प्रोजेक्ट लोकल उत्पात के लिए फाइनेंशियल मदद की है। वह एक सही मायने में कंट्री बॉय है और हम इस विशेष फिल्म के लिए उनके स्पोर्ट के लिए बहुत आभारी हैं।

# उर्फी जावेद ने सीप से बनाई बिकिनी टॉप



फैशन डीवा होने के साथ उर्फी अब एक डिजाइनर भी बनती जा रही हैं। उर्फी अपने कई सारे बोल्ड और रिवीलिंग कपड़े खुद ही डिजाइन करती हैं और उसे पहनकर खूब कहर भी बरपाती हैं। उर्फी ने अब कुछ ऐसा कमाल कर दिखाया है। एक्ट्रेस ने समंदर में मिलने वाले सीप से बिकिनी टॉप बनाई है। इस बिकिनी टॉप के साथ उन्होंने सी-थ्रू फैब्रिक पैरों पर रैप करके अपना बॉटम क्रिएट किया है।

उर्फी के लुक की सबसे क्रिएटिव बात ये है कि उन्होंने समंदर के सीप से बनी अपनी बिकिनी टॉप को बीच पर पहनकर ही फ्लान्ट किया है। इस लुक से साथ उर्फी ने मिडिल पार्टेड हेयर को स्टाइलिश पिन्स के साथ खास टच दिया है। न्यूड मेकअप में उर्फी सुपर सिजलिंग लग रही हैं।

उर्फी अपने वीडियो में किलर पोज देने के साथ डैडली एक्सप्रेशंस भी दे रही हैं। उर्फी का बोल्ड लुक और उनकी अदाएं फैंस को क्रेजी कर रही हैं। उर्फी का अंदाज ही इतना बोल्ड है कि देखने वालों के होश उड़ गए है। फैंस एक्ट्रेस के इस लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, मर्मेड लग रही हो। एक दूसरे यूजर ने लिखा, सुपर हॉट।

००

# अनुपमा को अलविदा करने जा रही है अनेरी वजानी! फैंस को लगेगा झटका



एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए चर्चित यलिटी शो खतरों के खिलाड़ी का नया सीजन लेकर आ रहा है। इस बार का यह शो पहले के प्रत्येक सीजन से बड़ा और इंट्रेस्टिंग होने वाला है। हर प्रकार का एक्शन तथा स्टंट जल्द ही लोगों के सामने होगा। रोहित शेट्टी हर बार की भांति इस बार भी इस शो को होस्ट करेंगे तथा शूटिंग शो की केप टाउन में ही होगी। इस बार शो में एक ट्विस्ट भी आने वाला है। दरअसल, जो प्रतियोगी इस बार शो में आने वाले हैं, वह बहुत मिक्स्ड हैं।

वही प्रतियोगियों की लिस्ट में एक नाम और सम्मिलित हो चुका है। वह कोई और नहीं, बल्कि पॉपुलर टेलीविज़न सीरियल अनुपमा फेम अनेरी वजानी हैं। अनेरी वजानी ने खुद इस शो में भाग लेने की बात को कन्फर्म किया है। अनेरी वजानी ने शो का भाग बनने को लेकर बोला, खतरों के खिलाड़ी मेरा पहला रियलिटी शो होगा। मैं अपने उत्साह को संभालकर नहीं पा रही हूं।

अनेरी वजानी ने आगे कहा कि मुझे नई चीजें एक्स्प्लोर करने का बहुत शौक है। मैं अपने कम्फर्ट जोन से निकलकर कुछ अच्छा, जबरदस्त और बेहतरीन करना पसंद करती हूं। इस शो के माध्यम से मैं जिंदगी में अवश्य ही नई हाइट्स अचीव करूंगी। मैं इस चैलेंज को लेकर बहुत खुश तथा उत्साहित हूं। हालांकि, अनेरी वजानी का रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 12 को ज्वॉइन करने को लेकर प्रशंसकों के बीच एक सवाल खड़ा कर रहा है कि क्या अभिनेत्री शो को अलविदा कह देंगी? इस बात को लेकर उनके फैंस बहुत परेशान भी है।

# जानिए गर्मी में दिन में कितनी बार धोना चाहिए चेहरा, बनी रहेगी नमी



गर्मी में ताजगी बने रहने के लिए लोग दिन में कई बार चेहरा धोते हैं। कुछ लोगों को लगता है कि बार-बार फेस वॉश करने से चेहरे पर निखार आ जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं बार-बार चेहरा धोने की आदत आपको नुकसान पंहुचा सकता है। इससे आपके चेहरे की नमी गायब हो सकती है। सिर्फ फेसवॉश करने से चेहरा साफ नहीं होता है। इसके लिए आपके फेस वॉश करने का सही तरीका और समय पता होना जरूरी है। इसके अलावा फेस पर ग्लो लाने के लिए सही डाइट भी जरूरी है। आज हम आपको बता रहे हैं कि गर्मी हो या सर्दी आपको दिन में कितनी बार चेहरा धोना चाहिए।

सुबह – जब आप सोकर उठते हैं तो आलस छाया रहता है। इसलिए सुबह उठकर सबसे पहले सादा पानी से अपना चेहरा धो लें। चेहरा धोने से फुर्ती महसूस होगी और फेस के पोर्स भी साफ हो जाएगे। सुबह आप ठंडे पानी से चेहरा धोएं। आप चाहें को कोई माइल्ड फेसवाश का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

दोपहर – अगर आपकी ऑयली स्किन है तो आपको फेस वॉश करते वक्त अपनी त्वचा के हिसाब से साबुन या फेसवॉश का इस्तेमाल करना चाहिए। ऑयली स्किन पर दोपहर तक ऑयल आने लगता है। कई बार आप बाहर निकलते हैं तो चेहरे पर धूल जम जाती हैं ऐसे में दोपहर में भी ठन्डे पानी या फेसवाश से चेहरे को अच्छी तरह साफ करना चाहिए।

शाम – अगर आप कहीं बाहर जाते हैं तो शाम को घर लौटने के बाद चेहरा जरूर साफ करे लें। ऑफिस से घर आने के बाद दिनभर की गंदगी को साफ करना जरूरी है। जो महिलाएं मेकअप करके ऑफिस जाती हैं, उन्हें अपने फेस को जरूर साफ करके सोना चाहिए। फेस वॉश करने से दिनभर की थकान दूर हो जाती है। आप फ्रेश फील करते हैं।

# गर्मियों के दौरान इस तरह से करें मेकअप, नहीं रहेगा इसके फैलने का डर



गर्मियों में पसीने के कारण मेकअप फैल जाता है, जिसके चलते चेहरे का पूरा लुक बिगड़ जाता है। इसके अलावा, कई मेकअप प्रोडक्ट्स पसीने के साथ मिलकर आपकी त्वचा को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि, अगर सही मेकअप प्रोडक्ट्स को चुनें और उन्हें सही तरीके से लगाते हैं तो इनके फैलने कि संभावना काफी कम हो सकती है। आइए जानते हैं गर्मियों में किस तरह से मेकअप करना चाहिए ताकि आपको इससे कोई परेशानी न हो।

## सबसे पहले चेहरे पर सीरम और सनस्क्रीन लगाएं

अधिकतर लड़कियां और महिलाएं यह सोचकर गर्मियों के दौरान चेहरे को मॉइश्चराइज करने से बचती हैं कि इससे उन्हें और ज्यादा पसीना आएगा, लेकिन यह त्वचा के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए अपने चेहरे को माइल्ड क्लींजर से साफ करने के बाद हाइड्रेटिंग गुणों से समृद्ध फेस सीरम लगाएं, फिर अपनी त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों से बचाने के लिए कम से कम एसपीएफ 50 वाला हल्की जेल बेस्ड सनस्क्रीन लगाएं।

**चेहरे पर प्राइमर लगाना है जरूरी**– गर्मियों के दौरान मेकअप की शुरूआत फेस प्राइमर से करना अच्छा है। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि बाजार में कई तरह के फेस प्राइमर मौजूद हैं और ऐसे में गलत प्राइमर को चुनने की संभावना बढ़ जाती है। बेहतर होगा कि आप अच्छे ब्रांड के ही प्राइमर का इस्तेमाल करें। इसके अलावा, जब भी आप प्राइमर खरीदें तो अपनी त्वचा के प्रकार और जरूरतों को जरूर ध्यान में रखें।

## खेल

गांगुली को रोहित और विराट पर भरोसा

# BCCI अध्यक्ष बोले- कोहली और रोहित जल्द फॉर्म में आ जाएंगे; उमरान चुने जाते हैं तो आश्चर्य नहीं होगा

मुंबई। IPLके 15 वें सीजन में भारतीय टीम के टॉप स्टार रोहित शर्मा और विराट कोहली का खराब फॉर्म जारी है। इसी साल अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में टी-20 वर्ल्ड कप होना है।




ऐसे में इन दोनों बल्लेबाजों का फॉर्म मैनेजमेंट की चिंता बढ़ा रहा है। इस बीच इन दोनों बल्लेबाजों को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के अध्यक्ष सौरव गांगुली का साथ मिला है। गांगुली ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं विराट कोहली या रोहित शर्मा की फॉर्म को लेकर बिल्कुल भी चिंतित नहीं हूं। दोनों बड़े खिलाड़ी हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कोहली जल्द ही फॉर्म में आ जाएंगे और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए उनका टीम में चुना जाना भी तय है।'

वहीं, गांगुली ने मौजूदा सीजन में सबसे तेज गेंद डालने वाले हैदराबाद के तेज गेंदबाज उमरान मलिक को टीम इंडिया में चुने जाने को लेकर भी संकेत दिए हैं। उमरान 12 मैच में 18 विकेट ले चुके हैं। गांगुली ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए अगर उमरान टीम में चुने जाते हैं तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।'

कोहली इस सीजन में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। उन्होंने 13 मैचों में 19.67 की औसत और 113.46 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 236 रन बनाए हैं। तीन बार वह डक पर भी आउट हुए हैं। कोहली ने मौजूदा सीजन में एक ही हाफ सेंचुरी बनाई है। IPL करियर का यह दूसरा मौका है जब उन्होंने 20 के कम औसत से रन बनाए हैं। इससे पहले उन्होंने 2008 में अपने डेब्यू IPL में 15 की औसत से रन बनाए थे।

पिछले मैच में कोहली पंजाब के खिलाफ 20 रन बनाकर आउट हो गए। इस मैच में पंजाब किंग्स ने 210 रनों का विशाल स्कोर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के समक्ष रखा था। कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद थी। उन्हें पारी के चौथे ओवर में कागिसो राबाडा ने आउट किया था।

# दिल्ली और पंजाब के बीच करो या मरो का मुकाबला

**मुम्बई** । पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच सोमवार को डीवाई पाटिल स्टेडियम, मुंबई में होने वाले आईपीएल मुकाबले में करो या मरो का मैच होगा जिसमें जीतने वाली टीम की उम्मीदें बनी रहेंगी जबकि हारने वाली टीम बाहर हो जायेगी। दोनों टीमों के 12-12 मैचों से 12-12 अंक हैं।

दिल्ली पांचवें और पंजाब सातवें स्थान पर है। पंजाब के तेज गेंदबाज कैगिसो रबादा 14 मई के अंत तक इस सीज़न में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ों की सूची में तीसरे स्थान पर काबिज़ हैं। उन्होंने 11 मैचों में कुल 21 विकेट लिए हैं। वह पावरप्ले के साथ-साथ पारी के अंतिम चरण में भी काफ़ी प्रभावशाली रहे हैं। पावरप्ले में गेंदबाज़ी करते हुए उन्होंने नौ जबकि 16-20 ओवरों के बीच गेंदबाज़ी करते हुए उन्होंने आठ विकेट अपने नाम किए हैं। डीवाई पाटिल में आख़िरी बार खेलते हुए उन्होंने गुजरात टाइटंस के ख़िलाफ़ 33 रन देकर चार विकेट झटके थे।

दिल्ली के ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने राजस्थान रॉयल्स के ख़िलाफ़ अपने पिछले मुक़ाबले में शानदार प्रदर्शन की बदौलत प्लेयर ऑफ़ द मैच का अवॉर्ड अपने नाम किया था। उन्होंने बल्ले से 62 गेंदों में 89 रन स्कोर करने के साथ-साथ 25 रन देकर दो विकेट भी लिए थे। उन्होंने इस सीज़न में 147.91 के स्ट्राइक रेट से 142 रन बनाए हैं जबकि सिर्फ़ दो बार ही उन्हें पवेलियन लौटने पर मजबूर होना पड़ा है। पंजाब के जॉनी बेयरस्टो- बेयरस्टो इस सीज़न में बतौर सलामी बल्लेबाज़ कमाल दिखा रहे हैं। उन्होंने पिछली दो पारियों में पारी की शुरुआत करते हुए 56 (40) और 66(29) रन बनाए हैं।

## एक नजर

# विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं निकहत

नई दिल्ली । भारत की निकहत जरीन रविवार को एकतरफा जीत के साथ तुर्की के शहर इस्तांबुल में जारी 12वीं आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 52 किग्रा भार वर्ग के चार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं।

प्री-चार्टर फाइनल में निकहत का सामना मंगोलिया की लुत्सैखान अल्तांतसेटसेग से हुआ, जिसे उन्होंने 5-0 से एकतरफा अंदाज में जीता। हालांकि शिक्षा (54 किग्रा) को युवा एशियाई कांस्य पदक विजेता येसुगेन ओयुंटसेटसेग के हाथों 2-3 से करीबी हार मिली। अब तक कुल पांच मुक्केबाज चार्टर फाइनल में पहुंच चुकी हैं जबकि चार अन्य आज रात अपना-अपना प्री-चार्टर फाइनल मैच खेलेंगी।

बहरहाल, पहले राउंड में निकहत और लुत्सैखान ने बेहद आक्रामक खेल दिखाया लेकिन निकहत दो कदम आगे रहीं। लुत्सैखान ने कई मौकों पर निकहत पर हावी होने की कोशिश की लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने अपना पूरा दमखम लगाते हुए उनके सारे प्रयासों को नाकाम करते हुए पांच में से चार जजों को प्रभावित किया।

दूसरे राउंड में निकहत ने लुत्सैखान पर कोई रहम नहीं दिखाया और कई जोरदार मुक्के मारे। यह राउंड पूरी तरह निकहत के नाम रहा और वह सभी जजों से पूरे अंक बटोरने में सफल रहीं।

तीसरे राउंड में भी निकहत पूरे आत्मविश्वास से लुत्सैखान पर मुक्के बरसातीं रहीं और अंतत: विजेता बनकर उभरीं। चार्टर फाइनल में निकहत का सामना इंग्लैंड के चार्ली डेविसन से होगा, जिन्होंने टोगो की हैनाइट कायला को हराया।

# माई11सर्किल को मिली महिला टी20 चैलेंज की टाइटल स्पॉन्सरशिप

**कोलकाता** । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने नीलामी प्रक्रिया को पूरा करते हुए वुमेन्स टी20 चैलेंज 2022 की टाइटल स्पॉन्सरशिप के अधिकार भारतीय फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माई11सर्किल को दे दिये। इस साल वुमेन्स टी20 चैलेंज में कुल चार मुकाबले होंगे जो 23 मई से 28 मई के बीच खेले जाएंगे। महिला टी20 चैलेंज 2022 में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया की बारह अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर, शेफाली वर्मा, लौरा वोल्वार्ड्ट, सोफी एक्लेस्टोन और डिएंड्रा डॉटिन सहित कई प्रमुख खिलाड़ी टूर्नामेंट में शामिल होंगी।

बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इस बारे में कहा, यह हमारा मिशन है कि हम सभी प्रारूपों में जिस खेल से प्यार करते हैं उसे बढ़ावा दें और उसका पोषण करें और महिला टी20 चुनौती हमेशा उस प्रयास की कुंजी रही है। मैदान पर और बाहर टूर्नामेंट की निरंतर सफलता उत्साहजनक है और हमें यह विश्वास दिलाता है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह ने कहा, भारत क्रिकेट प्रतिभाओं के मामले में समृद्ध है और महिला टी20 चैलेंज का निरंतर विकास खिलाड़ियों को एक विश्व स्तरीय टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका देता है। बीसीसीआई भारत में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और हम माई11सर्किल के साथ एक उपयोगी साझेदारी की आशा करते हैं। गेम्स24×7 के सह-संस्थापक और सह-सीईओ भाविन पांड्या ने कहा, हम आगामी महिला टी20 चैलेंज 2022 के शीर्षक प्रायोजक बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

जूनियर वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप

# सिफ्ट कौर समरा ने विमेंस की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में गोल्ड मेडल जीता; भारत 10 गोल्ड के साथ टॉप पर

**जर्मनी**। जर्मनी में चल रही जूनियर शूटिंग चैंपियनशिप में सिफ्ट कौर समरा ने विमेंस की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में गोल्ड मेडल जीता है। इसके साथ ही भारत के 10 गोल्ड हो चुके हैं। वहीं, पुरुषों के 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में अनीश ने सिल्वर और विजयवीर ने ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। सिफ्ट कौर समरा ने नॉर्वे की जूली जोहानसन को 17-9 से हराकर गोल्ड पर कब्जा जमाया। वहीं, आशी चौकसे ने भी इस स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता।




थ्री पोजीशन में भारतीय टीम को ब्रॉन्ज मेडल मिला। इस टीम में शिवम डबास, पंकज मुखेजा और अविनाश यादव शामिल थे।

थ्री पोजीशन में भारतीय टीम को ब्रॉन्ज मेडल मिला। इस टीम में शिवम डबास, पंकज मुखेजा और अविनाश यादव शामिल थे।

थ्री पोजीशन में भारतीय टीम को ब्रॉन्ज मेडल मिला। इस टीम में शिवम डबास, पंकज मुखेजा और अविनाश यादव शामिल थे। इसके अलावा, रैपिड फायर पिस्टल में फ्रांस के यान चेसनेल ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि भारत के अनीश ने 28 अंकों के साथ सिल्वर और विजयवीर ने 18 अंकों के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। जर्मनी के मार्कस लेहनेर 10 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे।

द. अफ्रीका के खिलाफ सीरीज

# सलेक्टर्स को चुननी पड़ सकती है नई यूथ ब्रिगेड, क्योंकि 5 खिलाड़ी चोटिल, 7 को दे सकते हैं आराम

**नई दिल्ली**। IPL अपने आखिरी दौर में पहुंच गया है। इसके बाद सबका फोकस दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज पर होगा। पांच मैच की यह घरेलू सीरीज 9 जून से शुरू होनी है, लेकिन इस सीरीज के लिए सलेक्शन कमेटी को टीम का चुनाव करना काफी मुश्किल होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि मुख्य टीम के 5 खिलाड़ी चोटिल हैं, जबकि सभी प्रारूप में खेलने वाले 7-8 खिलाड़ियों को आराम दिया जा सकता है। ऐसे में पूरी संभावना है कि सलेक्टर्स नई यूथ ब्रिगेड चुनें। सलेक्शन कमेटी की मीटिंग 24 को पहले क्वालिफायर या 25 को एलिमिनेटर के दिन हो सकती है। इसमें कप्तान रोहित




शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ भी शामिल होंगे। सलेक्शन कमेटी के एक सदस्य ने कहा, 'जब मुख्य टीम के खिलाड़ी चोटिल होते हैं तो सलेक्टर्स और टीम मैनेजमेंट के लिए बड़ा सिरदर्द हो जाता है। दीपक चाहर रिकवरी कर रहे हैं, लेकिन हमें सीरीज से पहले उनकी फिटनेस का आकलन करना होगा। सूर्यकुमार यादव समय पर रिकवरी नहीं कर पाएंगे। हम रवींद्र जडेजा की मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।'

ठगों के जाल में फंसी गृहणी

# 25 लाख के लालच में 9 लाख गंवा बैठी, ठगों ने न्यूड वीडियो पति को भेजकर मांगे और पैसे मामला दर्ज पुलिस कर रही जांच

बिलासपुर । बिलासपुर के सरकंडा क्षेत्र में गृहणी से अजीब किस्म की साइबर ठगी का एक मामला पुलिस के पास आया है। ठगों ने गृहणी को पहले 25 लाख रुपए की लॉटरी लगने का झांसा दिया। फिर प्रोसेस फीस के नाम पर धीरे-धीरे कर 9 लाख रुपए अपने अकाउंट में जमा करा लिए।



ईनामी राशि फिर भी नहीं मिलने पर महिला ने जब पैसे वापस मांगे तो रुपए वापस करने के बदले उसका न्यूड वीडियो मांगा गया। मजबूरी में महिला ने वीडियो भेज दिया तब ठगों ने वह वीडियो उसके पति के नंबर पर भेज दिया। सरकंडा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एक गृहणी के पास 23 अप्रैल को एक फोन आया, जिसमें उनके नाम 25 लाख रुपए की लॉटरी लगने की जानकारी दी गई। महिला रुपए पाने के लालच में आ गई। इस दौरान उससे 25 लाख रुपए पाने के लिए प्रोसेस फीस, टैक्स सहित अलग-अलग बहाने से रुपए जमा कराए गए। महिला ने अपने व पति के बैंक अकाउंट से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया। उसने करीब 9 लाख रुपए ठगों के अलग-अलग अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी लॉटरी की रकम नहीं मिली। यह बात महिला ने अपने पति को नहीं बताई थी। पति से उसने कुछ पैसे झूठ बोलकर जमा करा लिए तो कुछ खुद ही उनके एकाउंट से जमा कराए। कई दिन बीतने के बाद भी जब लाटरी की रकम नहीं मिली तो महिला को संदेह हो गया कि वह ठग ली गई है। उसे तो 25 लाख मिले ही नहीं और ठग और रकम की मांग करने लगे। झांसा दिया गया कि उनकी पूरी जमा राशि उन्हें बाद में लौटा दी जाएगी।

तब महिला ने बताया कि उनके अकाउंट में अब पैसे ही नहीं है। तब ठगों ने महिला के सामने शर्त रखी। महिला से कहा गया कि यदि वह अपना न्यूड वीडियो बनाकर भेजे तो पूरे 9 लाख रुपए वापस मिल जाएंगे। महिला उनके चंगुल में फंस गई थी। वीडियो भेजने पर रकम वापसी की उम्मीद थी। लिहाजा, महिला ने अपना न्यूड वीडियो बनाकर ठग को भेज दिया। वीडियो भेजकर पति से मांगे पैसे ठगों ने महिला से उसके पति का मोबाइल नंबर पहले ही ले लिया था। लिहाजा पति के मोबाइल पर पत्नी का न्यूड वीडियो भेजकर अब उसे धमकाना शुरू कर दिया। पति से पांच लाख रुपए की मांग की गई। रुपए नहीं देने पर वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दी गई। तब पति ने महिला से पूरी जानकारी ली। तब जाकर ब्लैकमेलिंग का यह लंबा चला सिसिला सामने आया। इसके बाद उन्होंने इस घटना की शिकायत पुलिस से की। बिलासपुर की सरकंडा पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

## रेल्वे स्टेशन में नि:शुल्क चलित शीतल प्याऊ घर प्रारंभ



### महापौर ने विभिन्न सामाजिक संगठनों की उपस्थिति में प्याऊ घर का किया शुभारंभ

**राजनांदगांव।** बढ़ते गर्मी को ध्यान में रखते हुये यात्रियों को नि:शुल्क शीतल पेयजल उपलब्ध कराने बाल रत्न मंच सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा रेल्वे स्टेशन प्लेटफाम नं. 01 में चलित प्याऊ घर आज से प्रांरभ किया गया, प्याऊ घर शुभारंभ अवसर पर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित हुई एवं अध्यक्षता स्टेशन मास्टर राजेश कुमार बर्मन ने किया एवं पार्षद अमीन हुड्डा, एल्डरमेन प्रभात गुप्ता राजा तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के में से साहू समाज के जिला अध्यक्ष कमल किशोर साहू, खण्डेलाल समाज के अध्यक्ष हरीश खण्डेलवाल, अग्रहरि गुप्ता समाज के अध्यक्ष मनोज अग्रहरि, मारवाडी गौड समाज के अध्यक्ष मातादीन शर्मा, विश्व जागृति मिशन संस्था के अध्यक्ष प्रहलाद राज चेतवानी, बाल रत्न सेवा समिति के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, लायंस क्लब के सदस्य राज कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप से उपस्थित थे। प्याऊ घर का महापौर श्रीमती देशमुख ने यात्रियों को शीतल पेयजल पिलाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने संस्था को बधाई देते हुये कहा कि इस भीषण गर्मी में यात्रियों को शीतल पेयजल प्रदान करने शहर की सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच द्वारा नि:शुल्क चलित प्याऊ घर खोलना सराहनीय कार्य है। यह संस्था शहर में समय समय पर अनेक सेवाभावी कार्य करती है, आज इस अवसर पर शहर के प्रमुख सामाजिक संस्था के अध्यक्ष उपस्थित है, उनके द्वारा भी समाज एवं नगर हित में कार्य किया जाता है। संस्कारधानी के लिये यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि समाज को सहयोग के लिये नगर निगम परिवार सदैव तत्पर रहेगा। इस प्रकार के जनहित के कार्य के लिये उन्होंने पुन: सभी का आभार व्यक्त किया। शीतल प्याऊ घर शुभारंभ के पूर्व बाल रत्न मंच के संयोजक गोविन्द जोशी, उप संयोजक योगेश महराज, बाल रत्न संस्था के कोषाध्यक्ष मयंक कृष्णा शर्मा, सचिव सौरभ खण्डेलवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी रितेश यादव, सदस्य अरविन्द्र गुप्ता रवि शर्मा, मनिष यादव, लोकेश अग्रवाल, शहर के सेवाभावी स्वयं सेवक बच्चे अरणों अग्रवाल व धैय खण्डेलवाल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया, तत्पश्चात नि:शुल्क चलित प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया।

## चोरी के मामले में पुलिस ने सूचना नहीं होने की बात कही

**कोरबा ।** ढोढ़ीपारा बस्ती में एक परिवार रविवार को रिश्तेदार के शादी में गया था। सोमवार को लौटा तो सूने मकान में चोरी हो चुकी थी। नगदी, जेवर समेत दस्तावेज गायब थे। इसकी सूचना भी पुलिस को सुबह दी गई लेकिन पुलिस दोपहर में पहुंची। दरअसल, सीएसईबी चौकी से 5 सौ मीटर दूर ढोढ़ीपारा बस्ती निवासी वाहन चालक विशाल कुमार सपरिवार रिश्तेदार के यहां शादी में चांपा गए थे। सोमवार सुबह घर लौटे तो देखा कि दरवाजे का ताला तोड़कर आलमारी से 40 हजार रुपए नकदी, जेवर समेत आधार कार्ड, राशन कार्ड और वाहन के दस्तावेज भी चोर ले गए थे। विशाल ने सुबह ही सीएसईबी चौकी पहुंचकर चोरी की सूचना दी, लेकिन स्टाफ ने चौकी प्रभारी के नहीं होने की बात कहते हुए बाद में आने को कह दिया। बार-बार चौकी पहुंचने पर पुलिस टीम दोपहर बाद पहुंची और फोटो लेकर चली गई। इधर चौकी प्रभारी एसआई नवल साव ने साफ तौर पर चोरी की सूचना ही नहीं होने की बात कही।

## स्कूटी और बाईक में टक्कर, दो युवती सहित चार घायल

**कोरबा ।** शुक्लाखार के पास स्कूटी व बाइक में टक्कर हो गई। घटना में स्कूटी सवार बहनें व बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

बाकीमोंगरा थाना अंतर्गत हुई इस घटना में बताया जा रहा है कि शुक्लाखार चौक के पास शाम सात बजे स्कूटी में ढेलवाडीह निवासी मनीषा पिता स्वर्गीय दुबराज सिंह व उसकी बहन जा रही थी, तभी विपरित दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार ग्राम सगुना के भाटापारा निवासी नाम रामकुमार पिता बुंदराम व अजय लड़के ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों युवक शराब के नशे में धुत्त थे। घटना में चारों नीचे गिर पड़े और चोट लगी। दिया जिससे दोनों बहन को एवम दोनों युवकों को गम्भीर चोटें आई है।

## बोर्ड परीक्षा में भोथली विद्यालय का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

राज्य पुरस्कार उत्तीर्ण स्काउट गाइड छात्रों को बोर्ड परीक्षा में मिला 10 अंक बोनस

**धमतरी ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा घोषित दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयभोथली का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा दसवीं का परीक्षा फल 88.46% तथा रामखिलावन 89.66त्न पाकर प्रथम व उज्जवल साहू ने भी 89.66% पाकर प्रथम स्थान व मेनू राम 86.33% पाकर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इसी प्रकार 12वीं साइंस का परीक्षा फल 85.71% रहा देवेंद्र कुमार 88.6 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम व चंद्रभूषण 78.6% प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।12वीं वाणिज्य का परीक्षा फल 93.33% रहा वह प्रीतेश कुमार 85.6% प्राप्त कर प्रथम व नितिन गंगेले 77.4% प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया 12वीं कला का परीक्षा फल 91.66त्न रहा। रीना ने 71.4% प्राप्त कर प्रथम व प्राची 71त्न प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही ।

उत्तीर्ण व प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती एस रामटेके ने बधाई व शुभकामनाएं दी ।

प्रभारी सचिव ने विभागों की ली समीक्षा बैठक

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के संबंध में कहा- अधिकारीगण अद्यतन जानकारी के साथ रहे तैयार

**कोण्डागांव।** कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आज जिले की प्रभारी सचिव डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा समस्त विभागों की समीक्षा बैठक ली गयी। बैठक में उन्होने जिले में, स्वास्थ्य एवं सुपोषण आधारित योजनाओं, फ्लेग शिप योजनाओं के क्रियान्वयन, राजस्व विभाग के सीमांकन प्रकरण, अविवादित नामातंरण, डायवर्सन, कौशल विकास की गहन समीक्षा करते हुए। लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए समय सीमा निर्धारित करने के निर्देश दिये।



स्वास्थ्य एवं सुपोषण के मुद्दे पर उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमलों को हर लक्षित हितग्राहियों का डोर टू डोर कव्हर करने से ही बेहतर परिणाम मिल सकेगें। इसके लिए मितानिनों एवं एएनएम की नियमित बैठकों में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं से संबंधित हर महत्वपूर्ण एजेंडे को शामिल करके उनसे वास्तविक आंकड़े प्राप्त किये जा सकते है और साथ ही योजना क्रियान्वयन में कमियों एवं दिक्कतों के कारणों एवं निराकरण की सटीक जानकारी मिल सकेगी। राज्य के मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के संदर्भ में उन्होने कहा कि इस प्रवास के दौरान माननीय मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भ्रमण करके जिले में विभिन्न विभागीय योजनाओं की मैदानी समीक्षा की जायेगी।

## बुद्ध जयंती हर्ष उल्लास के साथ कोण्डागांव मनाया गया

प्रहरी संवाददाता

**कोण्डागांव ।** 16 मई 2022 को पूरे विश्व को शांति दया करुणा ज्ञान का मार्ग दिखाने वाले महाकारुणिक तथागत भगवान गौतम बुद्ध जी की 2566 वी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बौद्ध समाज के मंगल भवन में बौद्ध उपासक उपासिकों के द्वारा तथागत भगवान गौतम बुद्ध जी दीप प्रज्वलित कर त्रिशरण पंचशील एवं परित्राण पाठ किया गया। बुद्ध जयंती में बौद्ध समाज कोण्डागांव से सभी लोग शामिल होकर संध्या के समय बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की आदम कद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर त्रिशरण पंचशील किया गया। पश्चात मंगल भवन समाजिक संस्कृति कार्यक्रम बौद्ध समाज के द्वारा उद्बोधन करते



हुए ।तथागत गौतम बुद्ध के जीवनी पर प्रकाश डाला गया और बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। संस्कृति कार्यक्रम समापन आभार व्यक्त करते हुए बौद्ध समाज के द्वारा भोजन दान किया गया। बुद्ध जयंती हर्ष उल्लास के साथ कोंडागांव जिले में मनाया गया। सीएल मेश्राम, ए,आर, सोनपीपरे, संतोष सावरकर, रमाकांत महाजन, श्यामसुंदर मेश्राम, संतोष सोनपीपरे, पी,पी गोंडाने, देवानंद चौरे, सुरेश पाटले, सुरेंद्र बागडे, संदीप वासनिकर कर, सिद्धार्थ महाजन, उमेश मेश्राम, साधुपाटील, पंकज ठाकरे, राकेश रामटेके, राकेश वासनिकर मंगला गोंडाने, रश्मि ठाकरे, पुष्पा दूधी, दीपा चौरे, बीना सावरकर, सरिता मेश्राम, अंचना पाटले ,ललित मेश्राम नारायण मोटेकर, और भी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बौद्ध समाज के सभी लोग उपस्थित हुए।

## एकलव्य विद्यालय गोलावण्ड का दसवीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन


**कोण्डागांव ।** विकासखंड कोण्डागांव अंतर्गत मर्दापाल मार्ग के गोलावण्ड में संचालित संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गोलावण्ड में अध्ययनरत कक्षा दसवीं के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हैं। विद्यालय से मिली जानकारी अनुसार, माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2021-22 का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय के कुल 60 परीक्षार्थियों में से प्रथम श्रेणी 50 और द्वितीय श्रेणी में 7 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया हैं। इस तरह विद्यालय का कुल परीक्षाफल 96.1 प्रतिशत रहा। विद्यालयीन स्तर पर राजू सोरी 92.57 प्रतिशत के साथ प्रथम, सुधारानी मरकाम 84




प्रतिशत के साथ द्वितीय, प्रतिमा नेताम 84 प्रतिशत के साथ तृतीय, क्रांति नेताम 83.16 प्रतिशत के साथ चतुर्थ और 82.83 प्रतिशत के साथ सामदीप पोयाम पांचवा स्थान प्राप्त किए हैं। कोरोना काल में विद्यार्थियों के इस तरह के से प्रदर्शन से सहायक आयुक्त संकल्प साहू, मण्डल संयोजक देवेन्द्र बघेल, प्राचार्य डीएस पोटाई एवं विद्यालय के सभी शिक्षक, स्कूल स्टाफ की ओर से विद्यार्थियों, पालकों को शुभकामनाएं दी गई।

## सौर उर्जा के नाम से आदिवासी किसानो से ठगी

**केशकाल।** सौर उर्जा पम्प लगाकर केशकाल तहसील के रावबेडा के गरीब आदिवासी किसानो को अपने खेत बाडी की सिंचाई करने का सब्ज बाग दिखाकर 5500/आवेदन शुल्क लेने वाले बोल गये थे की धान फसल कटते ही हम सभी उपकरण एवं सामान लाकर पम्प लगाकर पानी चालू करके दिखा देंगे । पर 5माह बीत जाने के




बाद भी पैसा लेकर पावति रसीद देने वाला आया न कंपनी वाला आया और न क्रेडा वाले ही आये ।91742 50651 यह नम्बर है पैसा लेकर पावति देने वाले का रसीद के उपर प्रिंट नम्बर 07752248044 मान्य नही है कहकर बताता है बताता है मोबाइल । अब आदिवासी किसान खुद को ठगा सा महसूस करते दुखी है चिंतित है इस बात को लेकर की अब क्या होगा?

## बीच झील में मोटरबोट का पेट्रोल खत्म, फंसे 14 सैलानी

**कोरबा ।** जिले के मुख्य पर्यटन स्थल सतरेंगा में सोमवार को अजीबोगरी घटना देखने को मिली। मोटरबोट में पर्यटनमंडल कर्मचारी 14 सैलानियों को डूबान क्षेत्र सैर कराने के लिए ले गए थे। बीच मजधार में आकर मोटरबोट का पेट्रोल खत्म हो गया। सैलानियों के चेहरे में हवाईयां उड़ने लगी। मोबाइल से संपर्क कर दूसरे बोट पेट्रोल मंगाया गया। तब जाकर सैलानी किनारे पहुंच सके। बच्चों का ग्रीष्म अवकाश होने के कारण खासी संख्या में सैलानी सतरेंगा पर्यटन स्थल पहुंच रहे हैं। डूबान क्षेत्र में संचालित मोटर बोट सैलानियो के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ हुआ।

## आम्बेडकर चौक में निर्मित भारत का संविधान के पुस्तिका का महापौर ने किया अनावरण



**राजनांदगांव ।** चौक सौदर्यीकरण के तहत नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न चौको का सौदर्यीकरण किया जा रहा है। इसी कडी में आम्बेडकर चौक में भारत का संविधान के पुस्तिका का निर्माण किया गया है। जिसका आज बुद्ध पुर्णिमा के अवसर पर बौद्ध अनुयायियों की उपस्थिति में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने पूजा अर्चना कर विधिवत पट्टीका का अनावरण किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण मधुकर वंजारी, संतोष पिल्ले, गणेश पवार, राजा तिवारी, जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद श्रीमती पुर्णिमा नागदेवे, पूर्व पार्षद जितेन्द्र शर्मा, बौद्ध नगर कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री कांति कुमार फूले विशेष रूप से उपस्थित थे।

अनावरण अवसर पर अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने बुद्ध पुर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि, शासन द्वारा मुलभूत सुविधा बिजल पानी, सफाई, रोड नाली निर्माण के अलावा, मुक्तिधाम व तालाब उन्नयन, सामुदायिक भवन निर्माण तथा चौक चौराहों का सौदर्यीकरण के लिये राशि उपलब्ध कराये है, जिसके तहत आम्बेडकर चौक में भरत के संविधान की पुस्तिका का निर्माण किया गया है, जिसका आज बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर अनावरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने संविधान का निर्माण किया था, जिसमें हमारे अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों का भी उल्लेख है। जिसमें सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथर्निपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य बनाने तथा समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता आदि का बोध कराता है। उन्होंने आज बुद्ध पुर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध के बताये मार्गो पर चलने की अपील की।

## खुज्जी विधायक छन्नी साहू ने खून से लतफत घायल व्यक्ति को अपने गाड़ी से घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव लॉकर इलाज कराई

डोंगरगांव। खुज्जी विधायक छन्नी साहू ने दिखाई संवेदनशीलता रोड दुर्घटना में गंभीर रूप से खून से लथ-पथ घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में अपने गाड़ी में लेटाकर इलाज के लिए लाई।



आमगांव के पास गाय और बाइक के टक्कर में बुरी तरह घायल हो गया था व्यक्ति जिसे विधायक ने इलाज के लिए अस्पताल लायी आजकल रोड दुर्घटना आम बात हो गई है लेकिन इस दुर्घटना में सही समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने से अधिक खून बह जाने से न जाने कितने लोग प्रतिदिन अपना जान गवा देते हैं ऐसी ही एक घटना सामने आई है रोड़ पर गाय और बाईक पर सवार होकर गंभीर रूप से खून में लथपथ पड़ा हुआ था जिसे खुज्जी विधानसभा की विधायक छन्नी साहू अपने दौरा कार्यक्रम से गैंदाटोला से रायपुर के लिए निकली थी तभी आमगांव के पास खून से लथपथ व्यक्ति को देखकर अपने संवेदनशीलता दिखाते हुए गाड़ी रोकवाकर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अपने गाड़ी में डालकर सामुदायिक स्वास्थ्य डोंगरगांव में लायी। जिसे तुरंत इलाज डां रागिनी चंद्रे व स्टाफ के कर्मचारियों के द्वारा किया गया गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का नाम अघनू साहू पिता कंवल सिंह साहू उम्र 62 वर्ष निवासी जोशलमती का किसान बताया।

### सिर चेहरे पर गंभीर रूप से अंदरूनी चोट लगा है

अघनू साहू के सिर व चेहरे पर गंभीर व शरीर में अंदुरूनी चोट लगा है जिसे टांका लगाकर राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज 108 से रिफर किया गया । छन्नी साहू विधायक की संवेदनशीलता की जितनी तारिफ किया जाये कम है विधायक ने इस तरह अनेकों बार मिशाल पेश कर चुकी हैं इससे पहले भी जिला पंचायत सभापति रहते हुए भी अनेकों मरीजों को इलाज करवाई थी आज इस तरह खुन से लथपथ व्यक्ति को इलाज तुरंत करवाई जिसे चारों तरफ वाहवाही हो रही है। अस्पताल में डां रागिनी चंद्रे मेडिकल आफिसर,बी देवांगन स्टाफ नर्स, सुलोचना रामटेके नर्सिंग सिस्टर, कविता साहू स्टाफ नर्स ,टी परवीन एएनएम,भोज कुमार साहू रेडियोग्राफर, बसंत मालेकर ने मरीज के इलाज के लिए सहयोग प्रदान किया।

# सहकारी समितियों में ऋणमान से मिलेंगे दलहन-तिलहन के बीज-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में कहा कि शासन की नयी व्यवस्था के अनुसार अब सोसायटियों (सहकारी समितियों)में दलहन-तिलहन के बीज भी ऋणमान से किसानों को मिलेंगे जिसे वे केसीसी के माध्यम से ले सकेंगे।**

उन्होंने कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इस व्यवस्था का किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे दलहन-तिलहन लगाने के इच्छुक किसान सहकारी समितियों से ऋण के माध्यम से भी यह बीज प्राप्त कर सकें। कलेक्टर सिंह ने बैठक में पिछले दिनों लगाए गए जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों पर विभागवार चर्चा की। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि समय-सीमा के अंदर समस्याओं का अनिवार्य रूप से निराकरण कर लेवे। साथ ही उन्होंने कहा कि आवेदक को भी उसके आवेदन पर की गयी कार्यवाही से भी जरूर अवगत करायें।



कलेक्टर सिंह ने आज बैठक में रायगढ़ नगर निगम के साथ जिले के अन्य नगरीय निकायों में संचालित हो रही शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा लगाए जा रहे मेडिकल कैम्प में डॉक्टर्स की उपस्थिति, गाईड लाईन्स अनुसार टेस्ट व जरूरी दवाईयां आने वाले मरीजों के इलाज के लिए अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो। उन्होंने सभी एसडीएम को उनके क्षेत्रान्तर्गत आने वाले नगरीय निकायों में स्लम स्वास्थ्य योजना के कैम्प का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने धन्वंतरि मेडिकल स्टोर्स के संचालन की भी समीक्षा की। पुसौर तथा घरघोड़ा में इन मेडिकल स्टोर्स के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाट-बाजार क्लीनिक में भी चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति हो व निर्धारित मेडिकल जांच व दवाईयां मरीजों को अनिवार्य रूप से मिलनी चाहिए।

कलेक्टर सिंह ने राजीव युवा मितान क्लब के गठन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा। इसके लिए उन्होंने अब तक प्राप्त नामों का वेरीफिकेशन करवाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने खाद्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उचित मूल्य की दुकानों में संधारित किए जाने वाले सभी रजिस्टर अद्यतन रूप से भरे हुए हो। कलेक्टर श्री सिंह ने गौठान संचालन की भी समीक्षा की। उन्होंने गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण तथा उठाव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिला समूहों का नियमित रूप से भुगतान हो यह सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें।

कलेक्टर सिंह ने इस दौरान निर्माण एजेंसियों के कामकाज की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम स्कूल के निर्माण कार्य में देरी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और ईई पीडब्लूडी को निर्देशित किया कि बारिश के पहले काम प्रारंभ करवाया जाए। इसी क्रम में उन्होंने एडीबी के तहत चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने ईई एडीबी से कहा कि सारे कार्य तेजी से पूरे किए जाए कही भी किसी भी प्रकार की समस्या आती है जिससे काम प्रभावित हो तो तत्काल उसकी जानकारी दें जिससे समस्या का निराकरण किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने बैठक में खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध रेत उत्खनन पर कार्यवाही जारी रहे, साथ ही बाजार में रेत निर्धारित कीमत पर ही मिले यह भी सुनिश्चित किया जाए।

### जून से शुरू होंगे ग्राम सचिवालय

कलेक्टर सिंह ने कहा कि ग्राम स्तर पर लोगों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला प्रशासन द्वारा जून माह से ग्राम सचिवालय का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों के ग्राम स्तर के कर्मचारी एक निर्धारित दिन पर वहां उपस्थित रहेंगे तथा लोगों से उनकी समस्याओं व मांगों के संबंध में जानकारी लेकर सक्षम प्राधिकारी से उसका निराकरण सुनिश्चित करायेंगे। इसके लिए उन्होंने सभी विभागों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के लिए कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत कॉल करने वाले हितग्राहियों को समय-सीमा के भीतर लाभ देने की बात कही।

### नक्शा-बटांकन तेजी से पूरा कराएं एसडीएम

***कलेक्टर सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में नक्शा-बटांकन का कार्य तेजी से पूरा किया जाए। इसकी साथ-साथ ऑनलाईन एन्ट्री भी की जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी पटवारियों को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए काम को गति दें।***

## एक नजर

### संघ राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उत्तीर्ण दिव्यांगों को मिलेंगे प्रोत्साहन राशि

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा क्षितिज अपार संभावनाएं अंतर्गत नि:शक्त व्यक्तियों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत या अधिक नि:शक्त व्यक्ति जो छत्तीसगढ़ का निवासी हो संघ/लोक सेवा आयोग के प्रतियोगी परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर एक बार एकमुश्त प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। जिसके तहत प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर 20 हजार रुपये, मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर 30 हजार रुपये एवं संघ/छत्तीसगढ़ लोक सेवा में चयन होने पर 50 हजार रुपये एकमुश्त दिया जाएगा।

संघ/राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सम्मिलित जिले के दिव्यांग अभ्यर्थियों के प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने तथा अंतिम स्तर पर चयनित होने उपरांत जीवन में एक बार एकमुश्त प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। जिले के मूल निवासी पात्र दिव्यांग अभ्यर्थी योजना से लाभ हेतु जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### ऋणी व अऋणी कृषक उद्यानिकी फसलों के लिये 15 जुलाई तक करा सकते है बीमा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सहायक संचालक उद्यान ने जिले के समस्त उद्यानिकी फसल उत्पादन कर रहे कृषकों को सूचित करते हुए कहा कि टमाटर, बैगन, अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक में खरीफ वर्ष 2022-23 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लागू की गई है। जिले के ऋणी व अऋणी कृषक 15 जुलाई 2022 तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कंपनी बजाज एलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करवा सकते है, इसके लिए बीमा कंपनी के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि श्री अमीर खुरशिव मोबा.नं. 9910946528 एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि श्री दुश्यंत यादव मोबा.नं. 9399863741 से संपर्क कर सकते है।

उल्लेखनीय है कि इस योजना में सभी अऋणी कृषक (भूधारक एवं बटाईदार)जो इस योजना में शामिल होने के इच्छुक है, ऐसे कृषकों को घोषणा पत्र के साथ फसल बुआई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। चयनित उद्यानिकी फसलों का बीमा कराये जाने के लिये किसानों को उन फसलों के लिए निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिशत राशि के रूप में देना होगा, शेष प्रीमियम की राशि 50-50 प्रतिशत राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाएगा।

ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते है, उन्हें भारत सरकार द्वारा चयन प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिवस के पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित समय-सीमा में हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम (खरीफ)के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जावेगा। खरीफ मौसम अंतर्गत टमाटर के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 01 लाख रुपये एवं कृषक अंश राशि प्रति हेक्टेयर 5 हजार रुपये निर्धारित की गई है। इसी तरह बैगन के लिए बीमित राशि 70 हजार रुपये एवं कृषक अंश राशि 3500 रुपये, अमरूद के लिए बीमित राशि 40 हजार रुपये एवं कृषक अंश राशि 2 हजार रुपये, केला के लिए बीमित राशि 01 लाख 50 हजार रुपये एवं कृषक अंश राशि 7 हजार 500 रुपये, पपीता के लिए बीमित राशि 01 लाख 10 हजार रुपये एवं कृषक अंश राशि 5 हजार 500 रुपये, मिर्च के लिए बीमित राशि 80 हजार रुपये एवं कृषक अंश राशि 4 हजार रुपये तथा अदरक के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 01 लाख 30 हजार रुपये तथा कृषक अंश राशि प्रति हेक्टेयर 6 हजार 500 रुपये निर्धारित है।

किसानों को विपरित मौसम जैसे कम तापमान, अधिक तापमान, अधिक वर्षा, कम वर्षा, बेमौसम वर्षा, कीट एवं व्याधिक प्रकोप के अनुकूल मौसम, वायु गति से फसलों को होने वाली क्षति से फसल बीमा का लाभ प्राप्त होगा। खरीफ मौसम के टमाटर, बैगन, अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक फसल हेतु ओलावृष्टि हवाएं की स्थिति में कृषक इसकी सूचना सीधे बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 1800-209-5959 पर या लिखित रूप में 72 घंटे के भीतर संबंधित बैंक, स्थानीय राजस्व, उद्यानिकी, कृषि अधिकारी अथवा जिला उद्यान अधिकारी को बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति का कारण सहित सूचित करेगा। संबंधित संस्था एवं विभाग 48 घंटे के भीतर कृषकों को प्राप्त जानकारी (बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति के कारण सहित) बीमा कंपनी को प्रदान करेंगे। बीमा कंपनी द्वारा जिले में 42 स्थानों पर स्वचलित मौसम स्टेशन स्थापित किया गया है, जिससे प्राप्त मौसम संबंधी आंकड़ों के आधार पर ही बीमा दावा का भुगतान किया जाता है। कृषक द्वारा लगाये गये फसल का केवल एक बार ही बीमा आच्छादन का लाभ ले सकता है। एक रकबे को एक से अधिक बार बीमा होने की स्थिति में बीमा कंपनी द्वारा ऐसे सभी दावों को निरस्त कर दिया जावेगा।

# पति के दूसरे विवाह पर पत्नी ने कोतरा रोड़ थाने में किया एफआईआर'

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



मिली जानकारी के अनुसार दूसरी शादी करने के पूर्व पति द्वारा अपनी पहली पत्नी से विधिवत दूसरी शादी करने के लिये सहमति लेनी होती है ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहा पत्नी को षडयंत्र पूर्वक मायेके भेजने के उपरांत पत्नी को बिना बताए पति ने दूसरी शादी कर ली है। एवं अपनी पहली पत्नी को छोड़ दिया है। जिस पर गंगा चौहान पति शैलेन्द्र चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी कुसमुरा मंदिर पारा रायगढ़ ने विगत अप्रैल 2022 को कोतरा रोड थाने में शिकायत की थी जिस पर पुलिस विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गयी। गंगा चौहान जिनकी विवाह लगभग 5 साल पूर्व 16 अप्रैल 2017 को ग्राम कुसमुरा के निवासी शैलेन्द्र चौहान पिता मसिम चौहान थाना कोतरा रोड रायगढ़ के साथ हुआ था। शादी के बाद कुछ समय तक सब कुछ ठीक था परन्तु कुछ ही समय बाद मार पीट करना प्रताड़ित करना व खाना ना देना का सिलसिला चलता रहा। विगत 6 माह पूर्व गर्भपात के दौरान उपचार हेतु जब वह अपने मायके आई और पांच माह तक टाल मटोल करने पर भी जब पति द्वारा लेने नहीं आने पर पत्नी को मालूम चला की पति ने दूसरी शादी कर ली है, जिसकी सूचना व कार्यवाही की गुहार कोतरा रोड थाने में शिकायत किया गया पर कार्यवाही के अभाव में गंगा चौहान की मुलाकात सर्व धर्म महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष पंकज लता यादव से हुई वहीं इस मामले को गंभीरता से लेते हुये पुलिस विभाग से संपर्क किया गया व थाने जाकर एफआईआर दर्ज करवाया गया जिस पर पुलिस विभाग द्वारा संतोषजनक कार्यवाही आज तक नहीं की गयी है वहीं इस मामले को सर्व धर्म महिला कल्याण समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा बैठक में असहाय व पीड़ित महिलाओं के अधिकारों के लिये आवाज बुलंद करेगी एवं जरूरत पड़ने पर आंदोलन करने पर भी विचार किया गया है इस अवसर पर सर्व धर्म कल्याण समिति के प्रमुख पदाधिकारी अध्यक्ष पंकज लता यादव, रूबी जहा सचिव, चंद्रप्रभा पटेल, जयंती केसरिया, स्नेहा मिश्रा, गंगा चौहान आदि उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी लारा परियोजना के पात्र भू-विस्थापित को मिलेंगे रोजगार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एनटीपीसी लारा परियोजना के पात्र भू-विस्थापित के लिए एनटीपीसी पश्चिमी क्षेत्र रायपुर के द्वारा रिक्तियों की पूर्ति हेतु अधिसूचना प्राप्त हुयी है। अतएव प्रभावित क्षेत्र के ग्राम-आरमुड़ा, बोड़ाझरिया, छपोरा, देवलसुर्रा, झिलगीटार, कांदागढ़, लारा, महलोई एवं रियापाली के योग्यताधारी आवेदक 31 मई 2022 तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में अनिवार्य रूप से रोजगार पंजीयन करवा ले, ताकि पंजीकृत तथा पात्र आवेदकों की सूची तैयार कर नियुक्ति हेतु प्रेषित की जा सके। निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदकों का नाम सम्प्रेषण किया जाना संभव नहीं होगा। एनटीपीसी लारा पश्चिमी क्षेत्र रायपुर में आईटीआई इलेक्ट्रीशियन (ट्रेनी) अंतर्गत अजा के 2, अजजा के 6 एवं अनारक्षित 3 शामिल है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं उत्तीर्ण आईटीआई इलेक्ट्रीशियन ट्रेड (नियमित अध्ययन)एनसीव्हीही/एससीव्हीट ी मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। इसी तरह आईटीआई फिटर (ट्रेनी) अंतर्गत अजा के 1 पद जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं उत्तीर्ण आईटीआई फिटर ट्रेड (नियमित अध्ययन) एनसीव्हीही/एससीव्हीटी मान्यता प्राप्त, असिस्टेंट (जनरल) (ट्रेनी)अंतर्गत अजजा के 5 पद जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक उत्तीर्ण (नियमित अध्ययन) मान्यता प्राप्त विवि से तथा लैब असिस्टेंड (रसायन) (ट्रेनी)अंतर्गत अजजा के 2 पद जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता बीएससी (रसायन) (नियमित अध्ययन) मान्यता प्राप्त विवि से होना अनिवार्य है। एनटीपीसी लारा पश्चिमी क्षेत्र रायपुर अंतर्गत डिप्लोमा इंजीनियर इलेक्ट्रिकल (ट्रेनी) अंतर्गत अजजा के एक पद जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक्स इंजी. (नियमित अध्ययन) एआईसीटीई/बीटीई से मान्यता प्राप्त एवं डिप्लोमा इंजीनियर मेकेनिकल (ट्रेनी) अंतर्गत अजजा के 2 पद रिक्त है, जिसके लिए डिप्लोमा मेकेनिकल (नियमित अध्ययन) एआईसीटीआई/बीटीई से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर मध्यमिक विद्यालय अकलतरा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।








कक्षा 12वीं में बहन सृष्टि पटेल 88.47 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं नगर में प्रथम रही, बहन मानसी तान्द्रे 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा भैया जीत साहू 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे । 29 छात्र प्रथम श्रेणी में व 24 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वी में भैया आयुष कश्यप 93.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय नगर में प्रथम रहे एभैया गौरव श्रीवास्तव एवं प्रांजल श्रीवास 92.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे, बहन तृप्ति जोगी 91.16 प्रतिशत, शुभम कुमार मिरचन्य 90.83 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ स्थान पर रहे । 56 छात्र प्रथम श्रेणी में 22 छात्र द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के अध्यक्ष बिहारीलाल ताम्रकार, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, व्यवस्थापक लव कुमार सिंह चंदेल, सह संस्थापक गोपेश तुलस्यान, प्राचार्य केशव कुमार कौशिक तथा आचार्य परिवार ने भैया बहनों को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं देते हुएए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जिलों के दौरे पर निकले विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र

## जांजगीर चांपा व बिलासपुर जिले में ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा मंगलवार से प्रदेश के जिलों के दौरे पर हैं। पहले दिन वे जांजगीर चांपा व बिलासपुर जिले पहुंचे, जहां विप्र फाउंडेशन के सदस्यों ने उनका आतिशबाजी व फूलमाला से जोरदार स्वागत किया। शाल भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान उन्होंने विप्र फाउंडेशन की जिला इकाई के सदस्यों को संबोधित करते हुए संगठन के कार्यों व उद्देश्यों से अवगत कराया और संगठन विस्तार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा सबसे पहले जांजगीर चांपा जिले पहुंचे। चांपा पहुंचते ही फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री रितेश शर्मा और जिलाध्यक्ष रमेश शर्मा की अगुवाई में आतिशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम दौरे पर चांपा पहुंचे शर्मा ने सुमन लाज में फाउंडेशन की जिला इकाई की बैठक ली और समाज के वरिष्ठ जनों व युवाओं से भेंट वार्ता की। उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रेस क्लब द्वारा भी उनका स्वागत चांपा में किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री रितेश शर्मा सहित फाउंडेशन के अन्य सदस्यों ने युवा पर्वतारोही सुश्री अमिता श्रीवास का सम्मान किया। अमिता श्रीवास सबसे कम उम्र में साउथ अफ्रीका के ऊंचे पहाड़ किलिमंजारो पर चढ़कर एक कीर्तिमान बनाया था।



**आतिशबाजी व फूलमालाओं से हुआ जोरदार स्वागत**

### बिलासपुर में भी संपन्न हुई मीटिंग

*विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा जांजगीर.चांपा के बाद बिलासपुर जिले के दौरे पर निकले। बिलासपुर पहुंचने पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। बिलासपुर शाखा अध्यक्ष संतोष शर्मा के साथ सीताराम जोशी, दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा मेडिकल, सुरेश शर्मा यदुनंदन नगर, अंजनी चतुर्वेदी, आशुतोष शर्माए लखन शर्मा एवं अन्य सदस्यों ने शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई दी और विप्र फाउंडेशन के कार्यक्रमों के बारे में भावी योजनाओं के संबंध में गहन अनौपचारिक चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा ने विस्तार से विप्र फाउंडेशन के बारे में अपने विचार रखे। संगठन के विस्तार के बारे में बहुमूल्य सुझाव देकर वे रायपुर दौरे पर आगे निकल गए।*

# श्याम बाबा मंदिर की पच्चीसवीं वर्षगांठ को यादगार बनाने आ रहे सुप्रसिद्ध भजन गायक

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।





धर्म की नगरी में श्याम मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा श्याम मंदिर का पच्चीसवां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रमुख रूप से बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जायेगा इसके साथ ही अखंड ज्योत, छप्पन भोग, इत्रों की वर्षा होगी, एक शाम, सांवरे सलोने के नाम होगी। जिसमे देश के सुप्रसिद्ध भजन गायकों का खरसिया नगर के अजित सिंह नगर जेके मल्टीप्लेक्स के सामने में आगमन हो रहा है। जिसमे देश की जानीमानी भजन गायिका अंजली द्विवेदी बरेली उत्तरप्रदेश, राज पारीक कलकत्ता व शुभम रूपम कलकत्ता इसके साथ ही भारत का सुप्रसिद्ध म्यूजिकल ग्रुप नरेश पुनिया दिल्ली का इनके द्वारा 25 मई को बाबा के भक्तो को अपनी मधुरवाणी से श्याम बाबा के भजनों से रिझायेंगे। 24 मई को दोपहर 4 बजे भगत तालाब से निशान यात्रा निकलेगी नगर भ्रमण करते हुए स्टेशन चौक के श्याम मंदिर में निशान चढ़ाया जाएगा। निशान यात्रा में शामिल होने के लिए रायगढ़ शक्ति बाराद्वार चाम्पा नैला पत्थलगांव सराईपाली सहित आसपास से हजारों की संख्या में बाबा के भक्त खरसिया आएंगे। श्याम मित्र मंडल की टीम काफी मेहनत कर इस कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने में दिन रात लगे हुए है। शाही दरबार में विराजेंगे बाबा श्याम, साथ ही बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा जिसके दर्शन करने भक्त दूर-दूर से खरसिया में पधारेंगे श्याम मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा बाहर से आये भक्तों के लिए श्याम रसोई के प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है।

श्याम मित्र मंडल के सभी सदस्यों ने नगर व आस पास के सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है खरसिया के अजित सिंह नगर में हो रहे बाबा श्याम के भजन कीर्तन का आनंद लेने जरूर पहुंचे और श्याम बाबा के आशीर्वाद से अपना मनोरथ पूरा करें। इससे पूर्व 8 मार्च को श्याम मित्र मंडल के द्वारा देश के ख्यातिप्राप्त भजन गायक संजय मित्तल का कार्यक्रम खरसिया के टाउनहाल मैदान में करवाया जा चुका है जिसमे हजारों की संख्या में भक्तों का आगमन हुआ था। श्याम मित्र मंडल के सभी सदस्य कार्यक्रम की तैयारी में जी जान से जुटे हुए है।

# नगर पंचायत के सड़क को बर्बाद कर रहा पुलिया ठेकेदार अन्ना

## सीसी रोड को बना दिया परिवर्तित मार्ग, भारी वाहन चलने से नगर की सड़क हुई खराब, अधिकारी मौन






जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

श्री जी इंफ्रास्ट्रक्चर कम्पनी की मनमानी चरम पर है। इनके द्वारा सड़क निर्माण के नाम पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बता दें कि हाटी से पत्थलगांव तक नए सड़क निर्माण की स्वीकृति हुई है। जिसके निर्माण कार्य का ठेका श्री जी इंफ्रास्ट्रक्चर कम्पनी भोपाल को मिला है। कम्पनी द्वारा कहीं कहीं पुल पुलिया एवं सड़क का कार्य शुरू कर दिया गया है। लेकिन कम्पनी द्वारा मनमानी तरीके से कार्य कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। नगर पंचायत धरमजयगढ़ के वार्ड 14 एवं 15 के मध्य कांजीनाला में पुलिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए कम्पनी ने नगर पंचायत के सीसी रोड को परिवर्तित मार्ग बना दिया है। बता दें कि आवागमन बाधित न हो इसलिए पहले ठेकेदार को परिवर्तित मार्ग बनाना होता है। लेकिन यहां तो मनमानी करते हुए कम्पनी ने नगर पंचायत क्षेत्र की सड़क को डायवर्सन मार्ग बना दिया है। जिससे लगभग 500 मीटर सड़क पूरी तरह उखड़ कर बर्बाद हो गया है। भारी वाहन इस मार्ग पर चल रहे हैं। जिससे सीसी रोड पूरी तरह उखड़ गया है। कम्पनी द्वारा पहले ही गुणवत्ता को ताक पर रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहीं जगह-जगह पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जब इस संबंध में नगर पंचायत अधिकारी अंकुर पांडये से बात की गई तो उन्होंने बताये की मैं अभी 2 दिन हुआ है आया हूं नगर भ्रमण के बाद ही कुछ बता पाऊंगा। अब देखना है कि नगर पंचायत ठेकेदार पर क्या कार्यवाही करते हैं।

# तेंदूपत्ता खरीदी बंद करने से नाराज ग्रामीण मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

पहले तेंदूपत्ता कि खरीदी महीनों तक होती थी। अब तो सप्ताह भर भी खरीदी नहीं होता है। जिससे तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार बहुत नाराज हो रहे हैं। नाराज संग्राहक अब मुख्यमंत्री से शिकायत की तैयारी में जुट गए हैं। बता दें कि वनांचल क्षेत्रों में वन संपदा आय का बहुत बड़ा साधन होता है। महुआ, चार, चिरोंजी, गोंद, तेंदूपत्ता से ग्रामीण अच्छा खासा लाभ अर्जित करते हैं। धरमजयगढ़ वन मण्डल क्षेत्र में भी तेंदूपत्ता बहुत ज्यादा मात्रा में होती है। जिसे बेचकर ग्रामीण बहुत ज्यादा लाभ कमाते हैं। लेकिन इस बार किस कारण से कई फड़ो में खरीदी बंद कर दी गई है। जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से किए हैं। कई समितियों में तो मात्र तीन दिन खरीदी किया गया है। जिससे लक्ष्य का आधा भी खरीदी नहीं हो सका है। वर्तमान सरकार द्वारा तेंदूपत्ता के लिए प्रति मानक बोरा 4 हजार रुपये निर्धारित की गई है। वहीं बाद में शासन द्वारा बोनस भी दिया जाता है। जिससे ग्रामीण कड़ी मेहनत कर ज्यादा से ज्यादा तेंदूपत्ता संग्रहण करने की कोशिश करते हैं।



### मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत

आगामी माह इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री का आगमन होना संभावित है। क्षेत्र के संग्राहक परिवार इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत करने की ठान लिया है। क्योंकि तेंदूपत्ता खरीदी बंद करने के पीछे ठेकेदार की मनमानी है या वन विभाग के अधिकारियों का हाथ है। जो भी हो जब मुख्यमंत्री द्वारा लगाए जन चौपाल में शिकायत होगी तो सब साफ हो जाएगा। कई गांवों के संग्राहक परिवार मन मार कर चुप बैठे हैं। जो समय आने का इंतजार कर रहे हैं।

# 12 वीं में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आयुष ने बढ़ाया धरमजयगढ़ का मान



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

शिक्षा प्राप्त करने के लिए सुख सुविधाओं की आवश्यकता नहीं होती। यदि लगन और मेहनत हो कम सुविधाओं में भी ऊंचाई को छुआ जा सकता है। 14 जुलाई को हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। जिसमें आयुष देहरी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर धरमजयगढ़ का नाम रोशन किया है। ज्योति विद्या मंदिर धरमजयगढ़ में गणित संकाय में कक्षा 12 वीं का आयुष ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। गणित विषय में 100 में 98 अंक अर्जित किया है। आयुष देहरी बचपन से ही पढ़ाई में अच्छी रुचि रखता है। कक्षा दसवीं में भी आयुष ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर धरमजयगढ़ का नाम रोशन किया था। कम सुविधाओं में पढ़ने वाला रोशन नगर पंचायत धरमजयगढ़ वार्ड क्रमांक 6 जेलपारा निवासी गुलाब देहरी एवं विनोदनी देहरी का सुपुत्र है। आयुष की इस सफलता पर स्कूल परिवार, परिजन एवं शहर के लोगों ने बधाई शुभकामनाएं दी है। वहीं आयुष ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

# सजा सुनाए जाने के बाद न्यायालय से फरार हुआ अभियुक्त, थाने में मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय से सजा सुनाए जाने के बाद एक अभियुक्त के फरार होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसके बाद न्यायालय के प्रस्तुतकार की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं सूचना पर पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर फरार अभियुक्त की खोजबीन शुरू कर दी गई है। इस संबंध में रेपोर्टकर्ता द्वारा दर्ज कराई गई एफ आईआर के अनुसार 16 मई को छाल थाना क्षेत्र के पुसल्दा निवासी बजरंग दास बैरागी को प्रकरण क्रमांक 338/2019 में धारा 457, 380 के तहत न्यायालय द्वारा 1-1 वर्ष साधारण कारावास व 100-100 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। जिसके बाद अभियुक्त के वकिल द्वारा भादवि की धारा 389 का आवेदन पेश किया गया। जिसके कारण अभियुक्त जमानतदार की व्यवस्था करने के लिए न्यायालय से बाहर निकला लेकिन वह वापस नहीं आया। वहीं काफी खोजबीन करने के बाद भी बजरंग दास का पता नहीं चल पाया। रेपोर्टकर्ता ने बताया कि घटना के दिन न्यायालय में पदस्थ कोर्ट मोहर्रिर भी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित था। बाद में अभियुक्त के अधिवक्ता ने बताया कि बजरंग दास फरार हो गया है। धरमजयगढ़ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय से अभियुक्त बजरंग दास बैरागी पिता द्वारिका प्रसाद बैरागी के फरार होने की रिपोर्ट न्यायालय के प्रस्तुतकर्ता द्वारा दर्ज कराई गई है। वहीं धरमजयगढ़ थाने में मामले की सूचना पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 224 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

## एक नजर

# जांजगीर की मेधावी छात्रा दीपाली का संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग ने किया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।



जांजगीर चाम्पा जिले की मेधावी छात्रा कु. दीपाली सूर्यवंशी ने बिलासपुर संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग से सौजन्य मुलाकात की। कु.दीपाली ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित कक्षा दसवीं की प्रावीण्य सूची में पूरे राज्य में 8 वां स्थान हासिल कर जिले एवं संभाग का गौरव बढ़ाया है। उन्हें सभी विषयों में विशेष प्रावीण्यता के साथ 97.17 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। डॉ. अलंग ने गुलदस्ता एवं पदक से दीपाली का सम्मान किया और उनका मुंह मीठा कराया। उन्होंने दीपाली का कैरियर मार्गदर्शन करते हुए उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि कुमारी दीपाली अत्यंत गरीब परिवार से ताल्लुक रखती है। उनके पिता लखनलाल सूर्यवंशी राजमिस्त्री का काम कर परिवार का गुजर बसर करते हैं। कु. दीपाली ने दसवीं की पढ़ाई सरस्वती शिशु मंदिर नैला जांजगीर से पूर्ण की है। इस अवसर पर दीपाली की माता शकुन्तला सूर्यवंशी, पिता लखन सूर्यवंशी, समाज से टीसी रत्नाकर सहित उनके परिवारजन उपस्थित थे।

### महात्मा गांधी नरेगा कार्य में लापरवाही

# उप अभियंता कार्तिकराम कैवर्त्य निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने उप संभाग बरमकेला के उप अभियंता कार्तिकराम कैवर्त्य को महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों के प्रति रूचि नहीं लेने, निर्धारित अवधि में सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन नहीं करने, उच्चाधिकारियों के आदेश/निर्देशों की अवहेलना करने के कारण प्रथम दृष्टियां दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उन्हें मुख्यालय जनपद पंचायत बरमकेला में अटैच किया गया है।

# स्वास्थ्य विभाग में रिक्त संविदा पदों के लिए केवल डिमांड ड्राफ्ट से ही स्वीकृत होंगे आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों के लिए 12 से 23 मई 2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। जिसमें आवेदन करने की प्रक्रिया में संशोधन किया गया है। जिसके तहत अब केवल डिमांड ड्राफ्ट (डीडी)के माध्यम से आवेदन शुल्क देय होगा। पूर्व में जारी दिशा-निर्देश की कंडिका क्रमांक 8 में केवल ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन शुल्क जमा किया जाना अनिवार्य होगा, डिमांड ड्राफ्ट या अन्य किसी माध्यम से जमा आवेदन शुल्क मान्य नहीं होगा। को विलोपित किया जाता है, जिसके स्थान पर केवल डिमांड ड्राफ्ट (डीडी)के माध्यम से आवेदन शुल्क देय होगा।

# कालोनी में गंदा पानी का जमाव, ज्ञापन

**महासमुंद** । वार्ड 27 की पार्षद शोभना यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शहर के वार्ड 27 में जगत विहार कालोनी कापिछला हिस्सा जो कि वार्ड 18 के गुडरुपारा तालाब से लगा हुआ है, वहां कालोनी में गंदा पानी का जमाव हो रहा है जिससे कालोनी के घरों के बोर में पानी बदबूदार और दूषित हो गया है। कालोनी में मच्छर पनप रहे हैं जिससे कालोनीवासी त्रस्त हैं। समस्याओं को लेकर जगत विहार कालोनीवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने मामले की गभीरता को देखते हुए पालिका की टीम एवं इंजीनियर को नाप करने व स्टीमेट बनाने का आदेश दिया साथ ही वार्डवासियों को नाली निर्माण जल्द कराने की बात कही।

# कांग्रेस करती है तुष्टीकरण की राजनीति-प्रबल प्रताप सिंह जूदेव

### जेल भरो आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया भाजपा कार्यकर्ताओं ने

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।





जेल भरो आन्दोलन में हभागिता निभाते भाजपा नेता प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर अनेक गंभीर आरोप लगाते हुए हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार व्दारा लाए गए कानून को काला कानून कहकर जेल भरो आन्दोलन में सहभागिता निभाई ज्ञात हो की कोरिया में आयोजित धरना प्रदर्शन में कांग्रेस की भूपेश सरकार पर हमला करते हुए प्रबल प्रताप सिंह जुदेव हसदेव की सुरक्षा का मुद्दा आंदोलन में उछालते हुए भूपेश सरकार को घेरने का प्रयास किया। प्रबल ने आगे भूपेश सरकार की नाकामी बता वायदा खिलाफी के मुद्दे पर प्रहार किया। प्रबल ने धर्मांतरण व गौरक्षा के मुद्दे पर भी भूपेश सरकार को जमकर घेरा। राज्य में दिनों दिन बढ़ रही बिजली की समस्या, प्रधानमंत्री आवास के मुद्दे, स्व.सहायता समूहों से रेडी टू ईट छिनने के मुद्दे और तुष्टिकरण की घटिया राजनीति पर कांग्रेस को चारों तरफ से घेरने का पूरा प्रयास किया। प्रबल ने भूपेश सरकार पर धर्मांतरण कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए छत्तीसगढ़ की अस्मिता व संस्कृति पर वार होना बताया है। कांग्रेस की भूपेश सरकार में वनवासियों के जल, जमीन व जंगल का सौदा होने पर गहरा दु:ख व्यक्त किया और कहा कि कांग्रेस ने गत तीन साल में राज्य में विकास काड पहिया रोक दिया है जिससे मूलभूत सुविधाएं आमजनों तक नहीं पहुंच पा रही है। इस नाकामी के लिए भूपेश सरकार की तानाशाह रवैया व हीटलरी कार्यप्रणाली को जिम्मेदार ठहराया है। इस अवसर पर भैया लालरजवाड़े, चम्पा देवी पावल,एश्याम बिहारी जैसवाल,कृष्ण बिहारी जैसवाल और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नियम कायदों को ताक पर रखकर गांवों में चल रहे लाल ईंट के भट्ठे

## शिकायत के बावजूद अधिकारी नहीं करते कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पंचायत दिवानपुर, गोढ़ी, कुमेकेला, भातुडांड, करमीटिकरा सहित शहर के समीप दर्जनों ग्रामो में इन दिनों नियम कायदे कानून को ताक पर रखकर अवैध लाल ईट का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी जानकारी ग्राम पंचायत के साथ राजस्व और खनिज विभाग को होने के बावजूद जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। गर्मी चरम पर है और पानी के लिए लोगों को दूर-दूर लेने जाना पड़ता है। नदी-नाले में जलस्तर गिर रहा है, ऐसी स्थिति में ईट भट्ठा संचालक बोर और नदी तालाबों से पानी लेकर लाखों की तादात में ईट का निर्माण कर रहे हैं। जिसके प्रति कृषि विभाग के अधिकारी भी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं ईंट भट्ठा मजदूरों का अब तक ठेकेदार द्वारा कोई पंजीयन नहीं कराया गया है, जबकि मजदूरों का पंजीयन कराना अनिवार्य होता है, लेकिन ठेकेदार सारे नियम कायदे कानून को ताक पर रखकर मजदूरों से ईट भट्ठा में ईट का निर्माण करा रहा है।

### पर्यावरण को हो रहा नुकसान

अवैध ईंट भट्ठे से ग्रामीण क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। दूसरी ओर ईंट भट्ठों के कारण निकलने वाला धुआं लोगों के स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रहा है। जिससे आम नागरिक खासे परेशान है। तहसील के दिवानपुर के समीप ग्रामीण इलाको में कई स्थानों पर रिहायसी क्षेत्र में ईंट भट्ठों का संचालन लंबे समय से जारी है जो पर्यावरण के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य के लिए घातक है।

### कृषि योग्य भूमि पर ईट का निर्माण

ग्राम पंचायत दिवानपुर के समाजसेवी ग्रामीण तोताराम यादव ने बताया की दिवानपुर सहित अन्य ग्रामों में कृषि योग्य भूमि पर ईट का निर्माण हो रहा है, जिसके चलते आने वाले समय में कृषि का कार्य प्रभावित रहेगा। यह जमीन शुरू में काफी उपजाऊ है, लेकिन लगातार ईंट निर्माण के चलते आगे बंजर बन जाएगी तो किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया की अवैध ईंट भट्ठे के संचालन की शिकायत अधिकारियों से करने के बावजूद ईंट भट्ठों पर किसी भी प्रकार की कारवाई नहीं होने से ईंट भट्ठे संचालकों का हौसला चरम पर है।

### प्रतिवर्ष करते हैं कारोबार

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत दिवानपुर एव उसके आसपास क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से लगातार ईट का निर्माण किया जा रहा है, वह भी बिना अनुमति के। लेकिन आला अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इन ईट भट्टों के संचालक प्रदेश के बाहर से जिनका अंदाज उनके भाषा से लगाया जा सकता है।

### होगी कार्रवाई

*इस मामले में पत्थलगांव तहसीलदार रामराज सिंह ने बताया कि अभी तक उनके पास किसी प्रकार की शिकायत नहीं आई है उन्होंने कहा कि क्षेत्र का दौरा कर अवैध ईंट संचालकों पर कार्यवाही की जाएगी।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in